* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 122

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


उज्जैन में 21 लाख दीयों से रोशन हुआ शिप्रा नदी का तट











## सीपी राधाकृष्णन ने ली शपथ, बने राज्य के 11वें महामहिम

# राज्य का विकास पहली प्राथमिकता : राज्यपाल

- शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल ने किया उलिहातू का दौरा

आजाद सिपाही संवददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राज्य के 11वें महामहिम बन गये हैं। उन्होंने शनिवार को राजभवन के बिरसा मंडप में राज्यपाल पद की शपथ ली। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह ने राधाकृष्णन को राज्यपाल पद की शपथ दिलायी। इससे पहले मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज्यपाल की नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा। नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है।

### मुख्यमंत्री समेत अन्य ने दी बधाई

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तेलंगाना की राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सौंदराराजन, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, सांसद, विधायक समेत राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सभी ने राज्यपाल को बधाई दी।

### मूल मकसद राज्य का विकास करना

शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मीडिया से भी मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि हमारा मूल मकसद झारखंड का विकास है। विकास के बगैर गरीबी का विनाश, गरीबी का खात्मा नहीं हो सकता। राज्य से गरीबी के खात्मे के लिए विकास से बेहतर कोई उत्तर नहीं है। यही कारण है कि हम लोग आपस में मिल कर स्वास्थ्य और आधारभूत संरचनाओं और आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से काम करें।



### उलिहातू पहुंचे राज्यपाल, भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

उलिहातू (आजाद सपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को शपथ ग्रहण के बाद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गये। वहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने भगवान बिरसा के वंशजों से भी भेंट की। इससे पहले राज्यपाल को खूंटी जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 1875 ई० में हुआ। वे 1900 ई० में 25 वर्ष की अल्पायु में ही देश के लिए संघर्ष करते हुए शहीद हो गये। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के कारण ही आज हम सभी को स्वतंत्र भारत का नागरिक कहलाने का गौरव प्राप्त है। आज हमारा देश विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इस राज्य के लोग बहुत सीधे-साधे एवं भोले-भाले हैं और उनके हित में कार्य करने के लिए तत्पर रहूंगा।

# मुख्यमंत्री ने पहाड़ी मंदिर में की पूजा, दी शुभकामनाएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महाशिवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर राज्य और राज्यवासियों की उन्नति, सुख शांति और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने भव्य शिव बारात को विदा किया और लोगों को इस महापर्व की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पहाड़ी मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा अर्चना में शामिल होने के लिए लाखों श्रद्धालुओं का पहुंचना हमारी वर्षों से चली आ रही धार्मिक आस्था का परिचायक है। आने वाली पीढ़ी भी इस परंपरा को अक्षुण्ण और मजबूती के साथ आगे बढ़ाये, हम बाबा भोलेनाथ से यह कामना करते हैं।

इस अवसर पर श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति की ओर से मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

### राज्यपाल ने हरमू मंदिर में की पूजा राज्य के सुख-समृद्धि की कामना की



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रांची के हरमू स्थित पंच मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामना दी।

### घोड़े, ऊंट, बैलगाड़ी और भूत प्रेतों की टोली के साथ निकली भोले बाबा की भव्य बारात

देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर में घोड़े, ऊंट, बैलगाड़ी की टोली, भूत प्रेतों के साथ देवघर स्टेडियम से बाबा भोलेनाथ की बारात निकली। सबसे पहले घोड़े में सवार बाराती निकले, फिर ऊंट की सवारी निकली। इसके साथ ही शिव बारात आयोजन समिति के बैनर के साथ झूमते नाचते बारात में शामिल हुए। साथ ही नर कंकालों की टोली, स्थानीय ढोल बाजा की टोली में लोग नाचते गाते जा रहे हैं। देवघर प्रशासन द्वारा तय रूट के अनुसार यह बारात लगभग आधी रात को बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पूर्व द्वार से मंदिर प्रांगण में प्रवेश की।

### रिबिका हत्याकांड का मास्टरमाइंड दिल्ली से गिरफ्तार

**साहिबगंज (आजाद सपाही)।** झारखंड के साहिबगंज में चर्चित रिबिका हत्याकांड में 64 दिन बाद मुख्य आरोपी मैनुल अंसारी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। रिबिका के 50 से अधिक टुकड़े किये गये थे। इस मामले में पुलिस रिबिका के पति दिलदार अंसारी समेत 10 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज चुकी है। मैनुल अंसारी दिलदार अंसारी का मामा है। इसने हत्या और शव को ठिकाने लगाने के लिए 20 हजार रुपये लिये थे। घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी मैनुल अंसारी फरार था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए गोड्डा जिले में भी छापेमारी कर रही थी। घटना के बाद आरोपी ने मोबाइल घर पर ही छोड़ दिया था। यही वजह है कि पुलिस को उसे ट्रेस करने में परेशानी आ रही थी। घटना को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी मैनुल अंसारी दिल्ली पहुंचा। अपना मोबाइल फोन उसने घर में छोड़ दिया था। कोटला मुबारकपुर पहुंच कर वह मजदूरी करता था। इस बीच उसने दूसरा फोन खरीदा। पुलिस को उसके एक्टिव होने की जानकारी मिली। इस नये फोन को ट्रैक करके पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कृषि मंत्री और सीएम के सचिव से वार्ता के बाद झारखंड चैंबर ने आंदोलन स्थगित किया

- सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर कृषि मंत्री के साथ हुई बैठक
- झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक-2022 पर हुई चर्चा


आजाद सपाही संवददाता

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे के साथ संपन्न हुई वार्ता के बाद चैंबर भवन में झारखंड चैंबर ने खाद्यान्न व्यापारियों के साथ बैठक की। व्यापारियों ने कृषि मंत्री के आश्वासन पर आंदोलन को स्थगित करने की सहमति दी। बैठक के बीच में ही कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने उपस्थित होकर झारखंड चैंबर से इस आंदोलन को स्थगित करने के लिए कृषि मंत्री की ओर से आभार जताया। मौके पर ही महागामा विधायिका दीपिका पांडे सिंह ने भी चैंबर पदधारियों को फोन करके, आंदोलन स्थगित करने का आग्रह किया। यह भी वायदा किया कि कृषि शुल्क को शून्य कराने में वे झारखंड चैंबर का सहयोग करेंगी। फिर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पूरे प्रदेश के व्यावसायिक संगठन, जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स, खाद्यान्न व्यवसायियों और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जुड़े व्यापारियों के साथ कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के सचिव के आग्रह पर विस्तार से चर्चा की गयी। चर्चाओं में सर्वसम्मति से राज्यव्यापी खाद्यान्न व्यापार अनिश्चितकालीन बंद के निर्णय को स्थगित करने की सहमति बनायी गयी। यह भी कहा गया कि सरकार हमारे हितों की रक्षा करेगी, यह अच्छी बात है। यदि किसी भी प्रकार का निर्णय व्यवसाय, उद्योग या किसान के अहित में आयेगा तो यह आंदोलन सिर्फ स्थगित किया गया है, समाप्त नहीं किया गया है। कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के सचिव के साथ हुई वार्ता में झारखंड चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, सह सचिव रोहित पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, प्रवीण जैन छाबड़ा और रांची चैंबर पंडरा के अध्यक्ष संजय माहुरी शामिल थे।

इससे पूर्व झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक- 2022 को लेकर उपजे विवाद को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री के निर्देश पर कृषि मंत्री बादल और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में सचिव विनय कुमार चौबे के साथ विधेयक को लेकर बैठक हुई। इसमें बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक में दो प्रतिशत टैक्स के अधिरोपण से संबंधित विषय पर चर्चा हुई। कृषि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बाजार शुल्क में दो प्रतिशत टैक्स अधिरोपन को लेकर राज्य में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। दरअसल बाजार शुल्क में टैक्स अधिरोपण की अधिकतम सीमा दो प्रतिशत निर्धारित है। खाद्यान्नों और वस्तुओं की हिसाब से टैक्स का निर्धारण किया जाना है। ऐसे में सभी खाद्यान्नों का बाजार शुल्क अलग-अलग होगा। बादल और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि बाजार शुल्क से संबंधित नियमावली तैयार करने के पहले किसानों व्यवसायियों और मंडियों से जुड़े प्रतिनिधियों की राय लेगी। उसके बाद बाजार शुल्क से संबंधित नियमावली को लागू किया जायेगा।



सीएम हेमंत सोरेन को झामुमो और कांग्रेस नेताओं ने सौंपा ज्ञापन।



## जीएसटी काउंसिल का बड़ा फैसला

# राब, पेंसिल-शार्पनर समेत कई सामान पर टैक्स घटाया

- राज्यों को मिलेगा 16,982 करोड़ रुपये का मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हुईं। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमने आज घोषणा की है कि जीएसटी क्षतिपूर्ति की लंबित शेष राशि का आज तक पूरा भुगतान कर दिया जायेगा। दूसरे शब्दों में जीएसटी मुआवजे की पूरी लंबित शेष राशि जून के लिए कुल 16,982 करोड़ रुपये को मंजूरी दे दी जायेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद ये जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि राब (लिक्विड जैगरी) और पेंसिल एवं शार्पनर पर जीएसटी दरों) में कटौती की गयी है। इसके साथ ही पान मसाला, गुटखा पर जीओएम की सिफारिशें मंजूर कर ली गयी है। इन पर कैपेसिटी बेस्ड टैक्सेशन लागू करने का फैसला लिया गया है। इनपर सख्त कंप्लायंस लागू करने की सिफारिश की गयी है। जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल पर रिपोर्ट को मंजूर कर लिया गया है। राज्यों के कहने पर इसकी परिभाषा में बदलाव किया जायेगा।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में नीतीश ने कहा

# कांग्रेस फैसला ले, भाजपा 100 पर सिमटेगी

आजाद सपाही संवददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर विपक्षी एकता पर जोर दिया। पटना में शनिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआइ-एमएल) के अधिवेशन में नीतीश ने कहा कि अब कांग्रेस को निर्णय लेना होगा कि 2024 में क्या रणनीति होनी चाहिए। विपक्षी एकता को किस तरह से मजबूत करना चाहिए। यदि कांग्रेस इस बात पर तैयार हो जाये, तो 2024 में भाजपा 100 सीटों के अंदर सिमट कर रह जायेगी। नीतीश की सलाह पर कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जो आप सोचते हैं, वो कांग्रेस भी सोचती है। बस बात इतनी सी है कि पहले आई लव यू कौन कहेगा। शनिवार को भाकपा माले के अधिवेशन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाकपा-माले के मंच से कहा कि विपक्ष एकता की कवायद चल रही है। आप लोगों के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। कई पार्टियां एकजुट होने के लिए तैयार हैं। बस आपके फैसले का इंतजार है। देश के हित में सोचेंगे तो आपको ही फायदा होगा और दोस्त को भी फायदा होगा। नीतीश कुमार ने कांग्रेस से कहा कि हमको कुछ नहीं चाहिए। हम चाहते हैं सभी एकजुट होकर 2024 में भाजपा का सामना करें। हम पहले भी साथ चल रहे थे, आगे भी साथ चलेंगे। सलमान खुर्शीद सामने बैठे हैं। हम लोगों ने विपक्षी एकता के लिए जाकर दिल्ली में संदेश दे दिया था। अब हम लोग कांग्रेस का इंतजार कर रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने नीतीश कुमार को जवाब देते हुए कहा कि हम आपकी बात को आलाकमान तक पहुंचा देंगे, मैं एक वकील हूं, आपकी वकालत कर दूंगा। उधर, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि आज देश में संविधान खतरे में है। ऐसे ऐसे में देश में जितनी विपक्षी पार्टियां हैं, उन सभी को एकजुट होना होगा और समय बहुत कम है। 2024 के चुनाव से पहले विपक्ष की एकता जरूरी है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
YouTube Channel
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# हाथ से निकली शिवसेना और तीर-धनुष भी, अब क्या करेंगे उद्धव!

## ■ एकनाथ शिंदे से फिर हार कर कैसे संभालेंगे बाल ठाकरे की विरासत

## ■ चुनाव आयोग के फैसले के बाद फिर करवट लेगी महाराष्ट्र की राजनीति

19 जून 1966 को बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। पार्टी के 57 साल के इतिहास में ठाकरे परिवार को शुक्रवार 17 फरवरी को सबसे बड़ा झटका लगा। पिता की बनायी पार्टी उद्धव ठाकरे के हाथ से आखिरकार पूरी तरह से निकल गयी। पार्टी का नाम तो गया ही, साथ ही चुनाव निशान भी ठाकरे परिवार के हाथ से चला गया। इसके साथ ही यह सवाल हवा में तैरने लगा है कि आखिर बाला साहेब ठाकरे की विरासत को उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे कैसे संभाल सकेंगे। चुनाव आयोग के फैसले के बाद क्या महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर करवट लेगी, जैसा कि पिछले साल जून में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद हुआ था। इन सवालों के जवाब इतने आसान नहीं हैं। एकनाथ शिंदे के हाथों एक बार फिर पराजित होने के बाद उद्धव ठाकरे के सामने न केवल पार्टी को नये सिरे से खड़ा करने की चुनौती है, बल्कि जनता के बीच में पहचान बनाने का बड़ा चैलेंज है। ऐसा नहीं है कि शिवसेना में पहली बार कोई बगावत हुई थी। इससे पहले भी तीन बार पार्टी में बगावत हुई, लेकिन 57 साल में यह पहली बार है, जब बिना ठाकरे उपनाम का कोई नेता पार्टी का प्रमुख बनेगा। महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना और ठाकरे परिवार के महत्व को कमतर नहीं आंका जा सकता, लेकिन हिंदुत्व के रास्ते को छोड़ कर सत्ता के लिए समझौता करना कहीं न कहीं उद्धव ठाकरे के लिए महंगा साबित होने लगा है। पहले बीएमसी और फिर 2024 के आम चुनावों से पहले मिले इस झटके को उद्धव ठाकरे कैसे संभालते हैं, इस सवाल का जवाब तलाश रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

पिछले साल जून में अपने एक विश्वस्त सहयोगी एकनाथ शिंदे के हाथों सत्ता गंवाने के बाद 17 फरवरी को उद्धव ठाकरे को उस समय करारा झटका लगा, जब चुनाव आयोग ने आदेश दिया कि एकनाथ शिंदे खेमे को ही पार्टी का आधिकारिक नाम 'शिवसेना' और उसके चुनाव चिह्न 'तीर-धनुष' के इस्तेमाल की इजाजत होगी। दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी का नाम 'शिवसेना यूबीटी' और चुनाव चिह्न 'मशाल' ही रहेगा। अब सवाल है कि अपने राजनीतिक कैरियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे उद्धव ठाकरे के लिए आगे क्या विकल्प बचा है? क्या वह चुनाव आयोग के सामने पार्टी नाम और चुनाव चिह्न के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे या फिर जनता को चुनाव में ही यह तय करने देंगे कि वह बाला साहेब ठाकरे के कट्टर वोटों के असल राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं या नहीं।

### उद्धव गुट पर इस फैसले का क्या असर होगा

चुनाव आयोग के फैसले के बाद पार्टी के कार्यालयों से लेकर पार्टी से जुड़े सभी संसाधनों को लेकर भी लड़ाई शुरू हो सकती है। शिवसेना भवन को लेकर भी शिंदे गुट अब अपना अधिकार जता सकता है। हालांकि इसके लिए यह देखना होगा कि शिवसेना भवन किसके नाम पर है। अगर किसी ट्रस्ट के जरिये इसका रजिस्ट्रेशन है, तो उस ट्रस्ट में कौन-कौन शामिल है।

### क्या विकल्प है उद्धव ठाकरे के पास

ठाकरे गुट के पास विकल्पों की बात करें, तो सबसे पहले उद्धव गुट आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा सकता है। उद्धव गुट कोर्ट का फैसला आने तक चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने की मांग कर सकता है। वहीं जल्द ही होने वाले बीएमसी चुनाव में उद्धव गुट नयी पार्टी के नाम और चुनाव निशान पर लड़कर बेहतर प्रदर्शन कर आयोग के फैसले पर सवाल खड़ा कर सकता है। इसे लेकर संजय राउत का बयान भी सामने आया है।

### जनता की अदालत में जायेंगे उद्धव ठाकरे

चुनाव आयोग के फैसले पर उद्धव ठाकरे गुट की निराशा व्यक्त करते हुए सांसद संजय राउत ने कहा कि वह इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि वे अब जनता की अदालत में जायेंगे। कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। हम असली शिवसेना को फिर से जमीन से उठायेंगे। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि उनका गुट सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगा। उन्होंने कहा कि शिवसेना को कोई खत्म नहीं कर सकता। यहां तक ??कि रामायण और महाभारत में भी, दोनों पक्षों के पास धनुष और बाण थे, लेकिन केवल राम और पांडव ही क्रमशः युद्ध जीत सके, क्योंकि सत्य उनके साथ था। चोरों ने कागज पर धनुष-बाण चुरा लिया है, लेकिन असली धनुष-बाण, जिसकी पूजा शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे करते थे, आज भी हमारे पास है। हम अपने पूजा रूम में इसकी पूजा करते हैं।



### चुनाव चिह्न सबसे महत्वपूर्ण

चुनावी राजनीति में किसी भी पार्टी के लिए चुनाव चिह्न बहुत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि लगभग एक तिहाई वोट एक उम्मीदवार को मिलता है, क्योंकि बहुत से लोग उम्मीदवार को नहीं, बल्कि पार्टी के चुनाव चिह्न को पहचानते हैं। यह एक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है, जो अब उद्धव ठाकरे ने खो दी है। यकीनन पक्के शिवसैनिक शिवसेना और बाला साहेब को 'धनुष और तीर' के चुनाव चिह्न से ही जानते हैं। ऐसे में उद्धव के लिए बाला साहेब के उन कोर वोटरों के बीच जाना और उन्हें नये चुनाव चिह्न 'मशाल' को याद दिलाना कठिन काम होगा। उद्धव ठाकरे यह जानते हैं कि वह कोई बाला साहेब नहीं हैं। उन्हें बेटे आदित्य के साथ आक्रामक रूप से सड़कों पर उतरना होगा, शिवसैनिकों तक पहुंचना होगा, बाला साहेब की विरासत का आह्वान करना होगा, महाराष्ट्र के लोगों के साथ भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करना होगा और ठाकरे खानदान के साथ वोटों को बनाये रखने के लिए शिंदे गुट को देशद्रोही साबित करना होगा। उद्धव ठाकरे को यह भी याद होगा कि शिवसेना पहले भी 'मशाल' चुनाव चिह्न पर लड़ चुकी है, लेकिन तब वह मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी नहीं थी। 1989 में शिवसेना के मोरेश्वर सावे औरंगाबाद लोकसभा चुनाव क्षेत्र से 'मशाल' चुनाव चिह्न पर विजयी हुए थे। उस समय बाला साहेब ठाकरे ने चुनावी सभा में 'मशाल' चिह्न पर ठप्पा लगाकर शिवसेना प्रत्याशी को जिताने की अपील की थी।

### फिर खड़ा होने के लिए उद्धव को क्या करना होगा?

इस समय सबसे बड़ी बात यह है कि उद्धव ठाकरे को जमीनी स्तर पर पकड़ बनाये रखने के लिए कौन से कदम उठाने होंगे। महा विकास आघाड़ी के कारण उद्धव ठाकरे के हिंदुत्व पर पहले ही सवालिया निशान लग चुका है। अगर वह सिर्फ बाला साहेब के नाम पर ही अपनी आगे के राजनीतिक मैदान को तैयार करने की कोशिश में हैं, तो उन्हें इस निशान को मिटाने की कोशिश करनी होगी।

### चौथी बार हुई है शिवसेना में बगावत

शिवसेना के 57 साल के इतिहास में यह चौथा अवसर है, जब उसे बगावत का सामना करना पड़ा है। पार्टी में पहली बगावत की शुरुआत 1985 में हुई थी, जब छगन भुजबल ने बाल ठाकरे के फैसले को चुनौती दी थी और अलग रास्ता अख्तियार कर लिया था। उस साल हुए विधानसभा चुनाव में शिवसेना प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरी थी। जब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुनने की बारी आयी, तो भुजबल को लगा कि बाल ठाकरे उन्हें ही यह जिम्मेदारी देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बाल ठाकरे ने मनोहर जोशी को यह पद दे दिया। इसके बाद भुजबल को प्रदेश की राजनीति से हटाकर शहर की राजनीति तक सीमित कर दिया गया। उन्हें मुंबई का मेयर बनाया गया। पांच दिसंबर 1991 को भुजबल ने बाल ठाकरे के खिलाफ विद्रोह कर दिया। वह पहली बार था, जब ठाकरे परिवार को कहीं से धोखा मिला था। शिवसेना को दूसरी बार तब झटका लगा था, जब 2005 में नारायण राणे ने बगावत की। साल 1996 में शिवसेना-भाजपा सरकार में नारायण राणे को राजस्व मंत्री बनाया गया। इसके बाद मनोहर जोशी के मुख्यमंत्री पद से हटने पर राणे को सीएम की कुर्सी पर बैठने का मौका मिला। एक फरवरी 1999 को शिवसेना-भाजपा के गठबंधन वाली सरकार में नारायण राणे मुख्यमंत्री बने। हालांकि यह खुशी चंद दिनों की थी। जब उद्धव ठाकरे को शिवसेना का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया, तो नारायण राणे के सुरों में बगावत हावी होने लगी। राणे ने उद्धव की प्रशासनिक योग्यता और नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाये। इसके बाद नारायण राणे ने 10 शिवसेना विधायकों के साथ शिवसेना छोड़ दी और फिर तीन जुलाई 2005 को कांग्रेस में शामिल हो गये। शिवसेना में तीसरी बगावत ठाकरे परिवार के अंदर से हुई। बाल ठाकरे के भतीजे और उद्धव ठाकरे के भाई राज ठाकरे पहले शिवसैनिक हैं, जिन्होंने शिवसेना छोड़ने के बाद नयी पार्टी बनायी। राज ठाकरे ने 2005 में शिवसेना ने नाता तोड़ लिया था। इसके बाद 2006 में उन्होंने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का गठन किया। शिवसेना से अपनी राह अलग करने के बाद उनके साथ विधायक भले ही नहीं गये, लेकिन बड़े पैमाने पर लोग उनके पीछे-पीछे शिवसेना छोड़ चल पड़े।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि उद्धव ठाकरे अपने पिता, जिन्हें महाराष्ट्र की राजनीति का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी माना जाता था, की विरासत को कैसे आगे ले जाते हैं।

---

# वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट प्राक्कलन तैयार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से, ग्रामीण विकास पर बजट में रहेगा फोकस**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से होगा। सत्र के दौरान राज्य सरकार तीन मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश करेगी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए झारखंड का बजट प्राक्कलन तैयार हो गया है। अधिकांश विभागों ने वित्त विभाग की वेबसाइट पर बजट प्राक्कलन को ऑनलाइन अपलोड करना भी प्रारंभ कर दिया है। इस बार भी एक लाख करोड़ से अधिक का बजट प्रारूप होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कृषि, ग्रामीण विकास, पथ निर्माण, महिला बाल विकास, खाद्य सुरक्षा पर सर्वाधिक जोर रहेगा। वित्त सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, विभागाध्यक्षों को पत्र लिखकर स्पष्ट रूप से कहा है कि कुछ विभाग अभी भी बजट प्राक्कलन ऑनलाइन अपलोड नहीं किये हैं, ऐसे में अनिवार्य रूप से तत्काल बजट प्रारूप को अपलोड कर दें। इसके लिए अब कोई अवधि विस्तार भी नहीं दिया जायेगा। ऐसे में योजना मद और गैर योजना, स्थापना मद का बजट प्राक्कलन की तैयारी विगत दो माह से चल रही थी। इस वित्तीय वर्ष के बजट आउटकम के आधार पर ही आगामी वित्तीय का बजट प्रारूप तैयार किया गया है।

## विधायक आलोक चौरसिया मामले में दोनों पक्षों की गवाही पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शनिवार को डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर सुनवाई हुई। आलोक चौरसिया ने अपनी गवाही में कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में उनकी उम्र 25 वर्ष थी, इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य थे। साथ ही यह भी कहा गया कि उनकी ओर से अब गवाही पूरी हो गयी है, अब वे अपनी ओर से और गवाह नहीं देंगे। कोर्ट ने उनका पक्ष सुनने के बाद मामले में बहस के लिए 3 मार्च की सुनवाई निर्धारित की है। पूर्व में मामले में केएन त्रिपाठी की ओर से गवाही पूरी हो चुकी है। आलोक चौरसिया की ओर से प्रस्तुत किये गये सभी गवाहों ने अपनी गवाही में कहा था कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में आलोक चौरसिया ने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 25 वर्ष की सीमा पूरी कर ली थी। दरअसल, कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी।

# जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर रांची में केंद्रीय मंत्री ने शुरू किया सिग्नेचर कैंपेन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची में 2 और 3 मार्च को दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन**

**रांची।** झारखंड में दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन से पूर्व केंद्रीय संचार ब्यूरो ने यहां शनिवार को एक सिग्नेचर कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ एल मुरुगन ने अपना पहला हस्ताक्षर कर किया। वे झारखंड के नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णण के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने यहां पहुंचे थे। दरअसल, रांची में 2 और 3 मार्च को दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन होने वाला है। इसमें देश-विदेश के करीब 170 प्रतिनिधि भाग लेने आ रहे हैं। इन प्रतिनिधियों को दो होटलों में ठहराया जायेगा। पहले दिन रांची में ही बैठक होगी। दूसरे दिन सभी प्रतिनिधियों को पतरातू लेक घुमाया जायेगा। बाहर से आने वाले प्रतिनिधियों को पतरातू लेक में किसी तरह की गंदगी या अव्यवस्था न दिखे, इसलिए पतरातू लेक रिजॉर्ट को 22 फरवरी से चार मार्च तक आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। इस दौरान लेक परिसर, मीटिंग हॉल सहित अन्य संरचनाओं को करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से संवारा जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जी-20 सम्मेलन झारखंड में होना गर्व की बात है एवं इसके सफल संचालन के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संपर्क अधिकारी के तौर पर जिन पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की होगी, वो डेलीगेट्स के आगमन, भ्रमण, होटल में ठहरने और प्रस्थान के समय प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करेंगे। संपर्क अधिकारी के कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी अपने कार्यों का सही तरीके से निर्वहन करेंगे। दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज्य के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। समिट के दौरान रोड जाम न हो, इसके लिए मुख्य सचिव ने ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम, नगर निगम, रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट व बिजली विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। ट्रैफिक पुलिस व नगर निगम को विभिन्न जगहों पर बने गोलंबर को छोटा करने, रोड कंस्ट्रक्शन विभाग को सड़क चौड़ीकरण करने व बिजली विभाग को बिजली का खंभा शिफ्ट करने का निर्देश दिया, ताकि जाम न लगे।

### जी- 20 समिट को लेकर पर्यटन निदेशालय में चार आइएएस की प्रतिनियुक्ति

रांची। राजधानी रांची में दो-तीन मार्च को झारखंड राज्य में प्रस्तावित जी- 20 समिट की सफलता के लिए चार आइएएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति अपने कार्यों के अतिरिक्त पर्यटन निदेशालय को दी गयी है। 10 मार्च 2023 तक सभी अधिकारी पर्यटन विभाग में प्रतिनियुक्त रहेंगे। इनमें संयुक्त सचिव ऊर्जा विभाग मनीष कुमार, संयुक्त सचिव स्कूली शिक्षा अभिजीत सिन्हा, डीडीसी कोडरमा ऋतुराज, डीडीसी रांची दिनेश कुमार हैं। सभी पदाधिकारी निदेशक पर्यटन रांची के मार्गदर्शन पर काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले भी तीन आइएएस अधिकारियों की सेवा मंत्रिमंडल सचिवालय को दी गयी थी। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर हुई सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शनिवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में ढुल्लू महतो की ओर से चौथे गवाह काउंटिंग एजेंट संतोष चंद्र गौराई की गवाही करायी गयी। उनकी ओर से कहा गया कि चुनाव काउंटिंग में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। गवाह का प्रति परीक्षण जलेश्वर महतो के अधिवक्ता अरविंद लाल ने किया। अधिवक्ता की प्रति परीक्षण में गवाह ने कहा कि बूथ संख्या 266 में मशीन खराब थी, इसलिए काउंटिंग नहीं हुई। अधिवक्ता ने यह भी पूछा कि जिस समय झारखंड विधानसभा चुनाव हुआ उस समय यहां किस पार्टी की सरकार थी और कौन मुख्यमंत्री थे, जिस पर गवाह ने कहा कि उस दौरान किसी पार्टी की सरकार यहां नहीं थी। चुनाव के समय यहां कोई मुख्यमंत्री नहीं था। तब अधिवक्ता ने पूछा कि क्या उस समय राष्ट्रपति शासन था तो गवाह ने कहा उस समय झारखंड में राष्ट्रपति शासन था। ढुल्लू महतो की ओर से दी गयी सात गवाहों की सूची में से अब तक चार गवाही पूरी हो चुकी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में बाघमारा के तत्कालीन रिटर्निंग ऑफिसर संजय भगत एवं तत्कालीन असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर विकास त्रिवेदी को तीन मार्च को गवाही देने के लिए उपस्थिति के संबंध में विशेष समन जारी किया है।

कोर्ट ने इनके दोनों गवाहों के आने-जाने सहित अन्य खर्च के लिए ढुल्लू महतो को 10 हजार रुपये जमा कराने को कहा है। इसके अलावा कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि जिस जिला में वर्तमान में ये दोनों अधिकारी पोस्टेड हैं वहां के डीसी को इनकी गवाही सुनिश्चित के संबंध में फैक्स भेजा जाये। अगली गवाही तीन मार्च को होगी। जलेश्वर महतो की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने पैरवी की।

उल्लेखनीय है कि जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह किया है। याचिका में कहा गया है कि जिस समय ढुल्लू महतो ने अपना नामांकन जमा किया था उस समय वे डिसक्वालिफाइड थे, क्योंकि उनको अलग-अलग धाराओं में सजा हुई है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.8 °c | 7.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 07.13 बजे |



## आस्था : राजधानी रांची में महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

# पहाड़ी मंदिर से भव्य शिव बारात निकली







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पहाड़ी मंदिर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य तरह से शिव बारात निकाली गयी। बारात के पीछे-पीछे सभी भगवान की झांकी भी सजायी गयी थी। बारात यात्रा में काली मां की भी झांकी देखने को मिली। शिव बारात में भगवान कृष्ण और राधा की भी झांकी देखने को मिली। भव्य तरह से निकाली गइ इस यात्रा में दर्शकों का हुजूम राधा-कृष्ण की इस झांकी की तरफ आकर्षित हो रहा था। शिव बारात में भगवान कृष्ण की बासुंरी का जादू देखने को मिला।

**गंगा घाट की तर्ज पर पहाड़ी मंदिर में आरती का आयोजन किया गया**

रथ पर सवार होकर भगवान शिव-पार्वती पूरी झांकी में सबसे आगे-आगे चलते दिखी। हर कोई रथ के आगे-आगे बढ़ता रहा। रांची के पहाड़ी मंदिर से हर वर्ष इसी तरह से यात्रा निकाली जाती है। पहाड़ी मंदिर में शिव यात्रा देखने के लिए भक्तों का महाजुटान देखने को मिला। बड़ी संख्या में भक्त मंदिर परिसर में जुटे रहे। उन्होंने न सिर्फ शिव यात्रा का आनंद लिया बल्कि गंगा घाट की तर्ज पर पहाड़ी मंदिर में की जा रही आरती का भी आनंद लिया।

गंगा घाट की तर्ज पर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी महा आरती का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम मंदिर में उमड़ा रहा। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री और विधायक सीपी सिंह तथा शिव बारात आयोजन समिति के तमाम सदस्यगण मौजूद थे।

## गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार सुबह से ही शिवालयों में भीड़ उमड़ी रही। पहाड़ी मंदिर में अहले सुबह से ही लोगों की लाइन लगी हुई थी। पूरा इलाका भगवान भोलेनाथ के जयकारे से गूंज रहा था।

वहीं दूसरी ओर कोकर, लालपुर, बरियातू, डोरंडा, चुटिया, हरमू, हिनू, धुर्वा, सहित अन्य शिवालयों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। लोग कतार बंद होकर मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे थे। श्रद्धालुओं की भीड़ भोलेनाथ का जलाभिषेक कर उन्हें बेलपत्र, भांग, दूध, धतूरा आदि का भोग लगा रहे थे। पूरी श्रद्धा के साथ भोले भंडारी के भक्त पूजा-अर्चना में लगे थे।

चुटिया के सुरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु बाबा सुरेश्वर महादेव मंदिर में जलार्पण कर रहे थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## राज्यपाल को प्रतुल शाहदेव ने दी बधाई



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को शपथ ग्रहण के बाद भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बधाई दी।

## तापमान में बढ़ोतरी से ठंड से मिलने लगी है राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में तापमान में बढ़ोतरी से ठंड से राहत मिलने लगी है। राज्य में धीरे-धीरे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो रही है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार हो गया है जबकि न्यूनतम तापमान भी 15 डिग्री से अधिक हो चुका है। हालांकि अभी भी कई जिलों का न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। अभी भी सुबह और रात में ठंड महसूस की जा रही है। झारखंड के पड़ोसी राज्य ओड़िशा में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है, जिसके असर से मौसम में बदलाव की उम्मीद है।



रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानी अभिषेक आनंद के अनुसार अगले तीन दिन के दौरान न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री बढ़ जायेगा। इसके बाद दो दिन तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। लेकिन 20 और 21 फरवरी को सुबह में कोहरा या धुंध छाये रहने का पूवार्नुमान मौसम केंद्र ने जारी किया है।

रांची के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2-2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का अनुमान है। 19 और 20 फरवरी को उच्चतम तापमान 31 डिग्री और 21 फरवरी को इसके 32 डिग्री सेंटीग्रेड हो जाने का अनुमान है। हालांकि, न्यूनतम तापमान में वृद्धि नहीं आयेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान 15 से 16 डिग्री के बीच स्थिर रहेगा।

## चुटिया में निकली भव्य शिव बारात



**मुख्य अतिथि के रूप में रामेश्वर उरांव हुए शामिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर चुटिया जो कि देश का दूसरा और झारखंड का 108 फीट पहला सबसे ऊंचा शिवलिंग है, शनिवार को धूमधाम से पहली बार शिव बारात निकाली गयी। पूरा चुटिया मानो शिव पार्वती के रंग में रंगा हुआ था, हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवक, युवतियां, बच्चे शामिल हुए।

इसके पूर्व पूर्वाह्न 4.00 बजे से महाशिवरात्रि के मौके पर आयोजन समिति द्वारा विशेष पूजा अर्चना की व्यवस्था की गयी थी। पूर्वाह्न 4:00 बजे रुद्राभिषेक, प्रातः वंदना एवं आरती के साथ पूजन आरंभ हुआ, 2 घंटे तक वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन,आरती एवं भोग लगाया गया। उसके उपरांत आम दर्शनार्थियों के लिए शिव के मंदिर का पट खोल दिया गया। पूरे दिन हजारों की संख्या में राज्य के कोने-कोने से आये महिला, युवा, पुरुष एवं बच्चों ने जलाभिषेक किया। गंगा जल, नारियल, दूध से भगवान शिव को स्नान कराया। पेड़ा, केला, अबीर, भांग, धतूरा एवं अन्य सामग्री जो भोलेनाथ को पसंद है अर्पित किया। संध्या 6.00 बजे बजे शिवरात्रि के मौके पर महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में लगभग 50 हजार से अधिक भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ, पद्मश्री मुकुंद नायक, समाजसेवी आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता भी मौजूद थे।

संध्या 6.30 बजे सुरेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष सुरेश साहू के नेतृत्व में महाआरती के उपरांत भगवान शिव की बारात निकाली गयी। सजे हुए एक रथ पर भगवान शिव विराजमान थे और बाराती में प्रतीक के रूप में भूत, पिशाच, भंगेड़ी जीवंत झांकी के साथ निकाली गयी, तो दूसरे रथ पर कानपुर से आये भजन मंडली के सदस्य एवं राज्य के बोकारो, धनबाद और जमशेदपुर के भी भजन मंडली शामिल रहे । जो भक्ति मय गीतों पर लोगों को झुमाते एवं नचाते रहे। पूरे रास्ते भजन मंडली एवं शिव बारात में शामिल भूत पिशाच नाचते गाते निकले। एक रथ पर भगवान गणेश, राधाकृष्ण तो कई देवतागण भी विराजमान थे। शिव बारात सुरेश्वर महादेव मंदिर से निकलकर चुटिया के प्राचीन राम मंदिर पहुंची, राम मंदिर पहुंचने में लगभग तीन घंटे समय लगा। राम मंदिर में देर रात शिव पार्वती की शादी हुई और पूरे जयकारे के साथ भक्तों ने विदा लिया।

## सांसद खेल महोत्सवः खेलगांव में आयोजित खेल महोत्सव का दूसरा दिन

# कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, योगासन और तीरंदाजी का खेल हुआ





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेलगांव, होटवार में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, तीरंदाजी और योगासन की खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। रविवार को (19 फरवरी) इस प्रतियोगिता का समापन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे। प्रतियोगिता में गर्ल्स एथलेटिक्स (100 मीटर दौड़) में पहला स्थान आरती कुमारी को मिला। दूसरे स्थान पर उर्मिला कुमारी और तीसरे पर सरिता कुमारी रहीं। 400 मीटर गर्ल्स में पहला स्थान प्रियंका को, दूसरा वर्षा कुमारी और तीसरा आरती कुमारी को मिला। 600मीटर गर्ल्स में किरन कुमारी पहले स्थान पर, दूसरे पर दिव्यानी लिंडा और तीसरे पर प्रियंका कुमारी रहीं।

एथलीट एक सौ मीटर ब्वॉयज में अरुण कुमार पहले, विक्की लोहरा दूसरे और मोहम्मद जैनुल तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर में रवि गणेश कुमार पहले, अभिषेक टोप्पो दूसरे और प्रदीप कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 600 मीटर ब्वॉयज में पहला स्थान प्रेम कुमार महतो को, दूसरा अमन कुमार महतो और तीसरा विश्वजीत महतो को मिला। लांग जंप (सब जूनियर ब्वॉयज) में पहला स्थान विकास टोप्पो, दिनेश वोकटो को दूसरा और तीसरा शुभम कुमार को मिला। सब जूनियर गर्ल लांग जंप में कोमल तिर्की पहले स्थान पर रहीं। पूर्णिमा मुंडा दूसरे और ऋतु लकड़ा तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर सीनियर ब्वॉयज में प्रदीप कुमार पहले स्थान पर रहे। रंजीत कुमार दूसरे और विक्रांत कुमार महतो को तीसरा स्थान मिला। आज के सभी विजेताओं को सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जयसवाल, पूर्व सांसद अजय मारू और अन्य ने पुरस्कार वितरण किया।

## पांच साल से अधिक समय से लंबित कांडों का एडीजी अभियान करेंगे समीक्षा

रांची (आजाद सिपाही)। पांच साल से अधिक समय से लंबित कांडों का एडीजी अभियान समीक्षा करेंगे। इसको लेकर सीआइडी आइजी ने पलामू जोनल आइजी और सभी रेल समेत रेंज के डीआइजी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि पांच साल से अधिक समय से लंबित कांडों एवं अभियोजन स्वीकृत्यादेश आदेश के लिए लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा एडीजी अभियान के द्वारा आगामी 20 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जायेगी। सीआइडी के आइजी के द्वारा लिखे पत्र में कहा गया है कि 1 फरवरी को आयोजित बैठक में 5 साल से अधिक समय के सितंबर 2022 के अंत में लंबित कांडों से माहवार (अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक) निष्पादित कांडों से संबंधित प्रमाण पत्र 5 फरवरी तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। जो अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। अतः निष्पादित कांडों से संबंधित प्रमाण पत्र 18 फरवरी को निश्चित रूप से उपलब्ध करायें और समय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लें।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: (1) ई-निविदा संख्या: TRD/OT/21/PSC/CIC/2022-23, (2) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: Replacement of PSC mast of CIC section by Galvanised & Fabricated mast (Ph.-II) कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह, (3) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रुपया 88,79,230.34/– निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य/–, (4) बीड सिक्युरिटि: 1,77,600/– (5) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि 14.03.2023 को 11:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि 14.03.2023 को 11:30 बजे, (6) वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/ क०वि०, पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02158/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/22-23/24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## आजादी के अमृत महोत्सव, मां काली एवं शिव का तांडव समेत कई जीवंत झांकी ने मन मोहा

# श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति ने निकाली भव्य शिव बारात

**बसहा बैल पर सवार पंचमुखी भोलेनाथ आकर्षण का केंद्र बने रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति की ओर से रातू रोड के इंद्रपुरी मंदिर से बैंड-बाजे के साथ शनिवार को शिव बारात निकाली गयी। बारात में सजी झांकियों में हवा में छह फुट की ऊंचाई पर उड़ते बजरंगबली, आजादी के अमृत महोत्सव, श्रीराधा-कृष्ण दरबार, मां काली एवं शिव का तांडव समेत कई जीवंत झांकी शामिल थी। बसहा बैल पर सवार पंचमुखी भोलेनाथ आकर्षण का केंद्र बने रहे। समिति की ओर से बारात में नौ झांकियां शामिल की गयी थीं। इसमें बड़ी संख्या में महिला और युवतियां शामिल हुईं। बारात के आगे त्रिशूल-डमरू, बग्घी पर देवाताओं की झांकी और कई घोड़े पर सवार शिव भक्त शिव बारात के मुख्य आकर्षण रहे। मनोहारी थी। बाकुंडा की सिंघी वादन टीम समेत बाहर से आये कलाकारों द्वारा पाइका और छऊ नृत्य प्रस्तुत किया।

श्री दुर्गा जागरण मंडली के कलाकार भजन-कीर्तन प्रस्तुत करते चल रहे थे। शिव बारात केएन कॉलोनी, रातू रोड पहाड़ी मंदिर से होकर अपर बाजार, अल्बर्ट एक्का चौक, गांधी चौक, रातू रोड से होकर रात में रातू रोड में मां दुर्गा मंदिर पहुंची। जहां पर आरआर स्पोर्टिंग क्लब की ओर से विक्की यादव, रोहित यादव समेत अन्य ने बारातियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मंत्रोच्चार के बीच शिव संग पार्वती का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। शिव बारात में समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष गौरव बजाज, नंदकिशोर अरोड़ा, केके गुप्ता, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, सत्येंद्र तिवारी, संजीव चौधरी, विनय कुमार सिंह, विजय सिंह, सचिव शैलेंद्र कुमार शैलू, नवीन पपनेजा, विजय वर्मा, नीरज जासवाल, सत्येंद्र तिवारी, अशोक बजाज, हरजीत सिंह, हीरालाल पपनेजा, रवि अरोड़ा, संजय अरोड़ा, अरुण जसूजा, धर्मेंद्र प्रसाद समेत बड़ी संख्या में शिव भक्तों की भागीदारी रही।

# सेवानिवृत्त वरीय पुस्तकालयाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह का निधन, शोक व्यक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



फाइल फोटो

**रांची।** लंबी अवधि तक राज्य पुस्तकालय, रांची में बतौर वरीय पुस्तकालयाध्यक्ष के तौर अपनी सेवा देने के उपरांत 2012 में सेवानिवृत हुए चंद्रदेव सिंह का 72 वर्ष की आयु में 17 फरवरी दिन शुक्रवार को रांची में निधन हो गया। शुक्रवार को उनका दाह संस्कार स्वर्णरेखा नदी नामकुम रांची के घाट पर संपन्न हुआ। स्वर्गीय सीडी सिंह मूलतः मधुबनी के रहनेवाले थे। उनके निधन पर शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविदों एवं राज्य पुस्तकालय रांची के कर्मचारियों ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

# विवि की गरिमा और उत्साह का परिचायक बनें विद्यार्थी: शांडिल्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**फ्रेशर संदीप मंडल और मिस फ्रेशर रेणु कुमारी**

**रांची।** शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि अपने उत्साह और विश्वविद्यालय की गरिमा का सामंजस्य ही इस प्रकार के आयोजन की सार्थकता है। विश्वविद्यालय के जंतु विभाग के द्वारा आयोजित फ्रेशर सह विदाई समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी नये विद्यार्थियों का स्वागत कर रहे हैं या वे विद्यार्थी जो यहां से विदाई ले रहे हैं उन दोनों में एक बात सामान्य होनी चाहिए , वह है विश्वविद्यालय की गरिमा और उसके अनुशासन को बनाये रखना। उन्होंने कहा कि कौटिल्य ने अनुशासन को सफल जीवन का एक अनिवार्य मंत्र बताया है और हमें अपने व्यक्तित्व में इसे आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप विश्वविद्यालय की गरिमा का परिचायक बनें और विश्वविद्यालय आपके उत्साह का सहभागी। दोनों के सामंजस्य से विश्वविद्यालय उन्नति करे। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, वित्त पदाधिकारी आनंद मिश्रा, जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ नमिता लाल, डॉ गणेश चंद्र, डॉ के एम खान और सजलेंदु घोष द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गयी। इस कार्यक्रम के दौरान कई आकर्षक प्रस्तुति विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा दी गयी। मिस्टर फ्रेशर संदीप मंडल और मिस फ्रेशर रेणु कुमारी बने। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के विद्यार्थियों का योगदान रहा। मौके पर वित्त पदाधिकारी आनंद मिश्रा, जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ नमिता लाल , डॉ के एम खान, डॉ सजलेंदू घोष सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजी श्री कृष्णा नगर कॉलोनी

**कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य शिवरात्रि महोत्सव मनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य शिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। प्रातः 6:00 बजे से ही भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना प्रारंभ की गयी। जिसके उपरांत 7:00 बजे से भक्तों के द्वारा 101 किलो दूध से भोलेनाथ का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। आज इस पावन अवसर पर मंदिर को विशेष तौर से सजाया गया। दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा से मिली जानकारी के अनुसार मां भवानी सेवा मंडल, दुर्गा जागरण मंडली एवं स्त्री सत्संग सभा के सदस्यों के द्वारा भजनों की गंगा बहायी गयी, जिसके उपरांत आरती अरदास एवं प्रसाद का वितरण किया गया। शाम 7:00 बजे से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ चार पहर की पूजा की गयी, जिसकी अगले दिन प्रातः 4:00 बजे हवन के साथ पूर्ण समाप्ति हुई। रात्रि 8:00 बजे से पुणः दुर्गा जागरण मंडली के सदस्यों के द्वारा भजन कीर्तन किया गया एवं राधा कृष्ण मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा विशेष भंडारे का भी आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर लाल, चंद्रभान तलेजा, केसर पपनेजा, रामचंद्र तलेजा, नंदकिशोर अरोड़ा, हरीश अरोड़ा, किशोरी किंगर, किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर मादनपोत्रा, हरीश मनूजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा, कमल घई, नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश तलेजा, जिमी अरोड़ा विजय, विनीत अरोड़ा, पंकज मक्कड़, पवन मनूजा, सुनील कटारिया, अनिल मुंजाल, मुकेश सिडाना, निखिल घई, विकास घई, गगन अरोड़ा, उमंग मनूजा, रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा, रौनक मिड्ढा ,कौशल्या देवी, पूनम तलेजा लाजवंती किंगर,राज देवी मनुजा, शकुंतला देवी मुंजाल, ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा, राधा देवी तलेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर, पूजा जसूजा, बरखा घई, कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्ढा, सुनीता कात्यान, संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिड्ढा, भावना किंगर, पिंकी तलेजा, चेतना सिडाना, रूबी अरोड़ा, अनु आनंद, हर्षिता जसूजा, कविता मुंजाल, सविता मुंजाल, कामना खत्री, मीनू घई और इनके अलावा समाज के कई लोगों का योगदान रहा।

# धुर्वा में अखंड शिव नाम संकीर्तन का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर उपवन एचइसी, धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ पांच घंटे का अखंड शिव नाम संकीर्तन अष्टयाम संपन्न हुआ। हर भोला हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से माहौल सुवासित हो उठा।

साहब हरींद्रानंद के शिवलीन होने के उपरांत यह पहली शिवरात्रि है, जिसमें शारीरिक रूप से उनकी अनुपस्थिति की कमी महसूस शिवशिष्यों ने की साथ ये भी कहा कि संकीर्तन प्रति वर्ष की भांति चलता रहेगा। भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ यह कार्यक्रम अपराह्न 5 बजे संपन्न हुआ। शिव शिष्य हरींद्रानंद फाउंडेशन के प्रवक्ता कन्हैया ने कहा कि आये हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम के उपरांत खिचड़ी का प्रसाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। उपवन एचइसी, धुर्वा, मेले में तब्दील था। स्थानीय शिव शिष्यों द्वारा आगुंतकों के लिए विशेष प्रबंध किया गया था।

# झंडा पूजन से श्रीश्री शतचंडी महायज्ञ की हुई शुरुआत



आजाद सिपाही संवाददाता

**नौ दिवसीय श्रीश्री शतचंडी महायज्ञ 22 मार्च से 31 मार्च तक आयोजन**

**रांची।** श्री श्री शतचंडी महायज्ञ समिति के तत्वावधान नौ दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर महाशिवरात्रि के दिन शनिवार को आयोजन समिति ने यज्ञ स्थल पर झंडा पूजन किया। समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा की देखरेख में पूजा शुरू हुई। पूजा में श्रद्धालु कमेटी के सभी सदस्यों ने जयघोष के साथ बजरंगबली की पताका लगायी और महायज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया।

ज्ञात हो कि महायज्ञ का आयोजन चैत्र नवरात्र 22 मार्च से शुरू होगा। समापन 31 मार्च को पूणार्हुति के साथ किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत झंडागड़ी स्थल ओटीसी ग्राउंड के पास सर्ड कैंपस में 27 फरवरी को भूमिपूजन किया जायेगा। चैत्र नवरात्र के पहले दिन कलश यात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम के तहत बनारस के विद्वान पंडितों द्वारा पूजा शुरू होगी। इसके बाद प्रसिद्ध कथावाचक पूज्य मनुश्री महाराज देवी भागवत कथा का वाचन करेंगे। महायज्ञ संबंधी विशेष जानकारी के लिए यज्ञस्थल कार्यालय व 9113751389, 98353 53862 नंबरों पर संपर्क करने की अपील है। महायज्ञ को सफल बनाने में सचिव विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश झा, महासचिव डॉ जितेंद्र शुक्ला, राजेश साह, संजय कुमार, राम कृपाल साहू,विनायक मिश्रा सहित समिति के अन्य सदस्य जुटे हैं।

# आर्य समाज मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व ऋषि बोधोत्व के रूप में मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को आर्य समाज मंदिर, स्वामी श्रद्धानंद पथ, अपर बाजार में महाशिवरात्रि का पर्व ऋषि बोधोत्व के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम आर्य समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं डीएवी विद्यालयों के शिक्षकों ने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रों से यज्ञ' किया और आहुतियां दीं। इसके बाद सभागार में डीएवी विद्यालयों के संगीत शिक्षकों ने अपनी-अपनी मनमोहक धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान प्रेम प्रकाश आर्य, रांची आर्य समाज के प्रधान राजेंद्र आर्य, एसएल गुप्ता, सुशीला गुप्ता, संरक्षक एल आर सैनी, निदेशक, आर्य ज्ञान प्रचार समिति एस के मिश्रा, प्राचार्य डीएवी पुंदाग रवि प्रकाश तिवारी, प्राचार्य नंदराज डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू वरुण बिहारी, अजय आर्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कृष्णापुर नजरुल चर्चा केंद्र कोलकाता और सीआइपी के बीच समझौता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के क्षेत्र में संगीत और ललित कलाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान और कृष्णापुर नजरूल चर्चा केंद्र, कोलकाता ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। कृष्णपुर नजरुल चर्चा केंद्र, कोलकाता, भारत और विदेशों में विद्वानों के कार्यों और ललित कलाओं के विभिन्न रूपों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। इस समझौता ज्ञापन का मूल उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता के विकास और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कला, संगीत और ललित कला के अन्य प्रासंगिक रूपों के सहायक उपयोग को बढ़ाना है। समझौता ज्ञापन पर डॉ. अविनाश शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर (मनोरोग) और प्रशासनिक अधिकारी, केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान, डॉ. दीपांजन भट्टाचार्जी, सह-प्राध्यापक और प्रभारी (मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग), डॉ. प्रसाद कननेकांति, की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये।

## कार्यक्रम : झारखंड में उर्दू एकेडमी के गठन की उठी मांग

# डॉ कहकशां परवीन के सम्मान में सेमिनार, पुस्तक का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अंजुमन फोरोग ए उर्दू के तत्वावधान में शनिवार को मेन रोड स्थित होटल सरताज में रांची विवि उर्दू विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ कहकशां परवीन के सम्मान में डॉ कहकशां परवीन का तखलीकी शऊर के विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। दो सत्रों में आयोजित सेमिनार के पहले सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर अहमद सज्जाद ने की। जबकि संचालन डॉ मुर्शीद ने किया। सेमिनार के पहले सत्र में डॉ मोकम्मल हुसैन द्वारा लिखी गयी किताब डॉ कहकशां परवीन फिक्री व फन्नी जहात का विमोचन किया गया। पुस्तक के लेखक डॉ मोकम्मल हुसैन ने अपने संबोधन में डॉ कहकशां परवीन की जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ सरवर साजिद व्यख्याता अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने कहा कि आज उर्दू के बड़े बड़े विद्वानों को लोग भूलते जाते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उर्दू के सभी विद्वानों को आज सम्मान देने की आवश्यकता है। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे डॉ अहमद सज्जाद ने कहा कि झारखंड में उर्दू के विद्वानों की कमी नहीं है, लेकिन आज वह विलुप्त होते जा रहे हैं। आशा है कि अंजुमन फरोग ए उर्दू ऐसे विद्वानों को सम्मानित एवं उर्दू के विकास में कदम बढ़ायेगा। सेमिनार को गुलाम सरफराज पीआरओ झारखंड विधानसभा, डॉ मो अय्यूब एचओडी उर्दू विभाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, खुर्शीद परवेज सिद्दीकी, अबरार अहमद, डॉ जेबा एवं महफूज आलम ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने अलग राज्य गठन के 22 साल गुजर जाने के बावजूद अबतक झारखंड में उर्दू एकेडमी के गठन नहीं होने पर चिंता जतायी। सेमिनार के दूसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ सरवर साजिद ने की जबकि संचालन सुहैल सईद ने किया। दूसरे सत्र में शाकिर तस्सनिम एवं अख्तर आजाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सेमिनार को कामयाब बनाने में अंजुमन फरोग उर्दू के अध्यक्ष मो इकबाल, डॉ गालिब नश्तर, डॉ शाहनवाज खान नमकीन, दानिश अयाज, वसीम अकरम, राशीद जमाल, अब्दुल अहद सहित अंजुमन के अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी।

# आइपीएस रैंक में प्रोन्नति पाने वाले 42 डीएसपी के बारे में पुलिस मुख्यालय ने मांगी जानकारी

रांची (आजाद सिपाही)। पुलिस मुख्यालय ने आइपीएस रैंक में प्रोन्नति पाने वाले 42 डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिले के एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में लिखा गया है कि आइपीएस रैंक में प्रोन्नति पाने वाले 42 डीएसपी के खिलाफ लंबित आरोप, प्राथमिकी, कोर्ट केस से संबंधित विवरण उपलब्ध कराया जाये। पुलिस मुख्यालय की ओर से सरोजिनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय, आशीष कुजूर, शत्रुघ्न रजक, दीपक कुमार शर्मा, राज कुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, सहदेव साव, मजरूल होदा, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेष नैथानी, अजय कुमार, आरिफ एकराम, विमल कुमार, अविनाश कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पितांबर सिंह खेरवार, रोशन गुड़िया, श्रीराम समद, निशा मुर्मू, सुजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार चौधरी, राहुल देव बड़ाइक, क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्रभात रंजन बरबार, अनूप कुमार बड़ाइक, समीर कुमार तिर्की, हरिलाल रवि, वचनदेव कुजूर, रजत मनी बाखला, पूज्य प्रकाश और दीपक कुमार आदि का विवरण मांगा गया है।

## फेमिना मिस इंडिया की रनरअप मान्या सिंह पहुंची इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची बिग बॉस-16 की कंटेस्टेंट और फेमिना मिस इंडिया 2020 की रनर-अप रहीं मान्या सिंह हरमू बायपास रोड नियर काव्स रेस्त्रां के नजदीक सुनीता कॉम्पलेक्स के तीसरे तल्ले पर स्थित इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून पहुंची। मौके पर उनका स्वागत इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून की संचालिका अनामिका सिंह ने किया। मान्या सिंह ने संचालिका को शुभकामनाएं देत हुए कहा कि इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून में ग्राहकों को ब्यूटी सैलून से जोड़ी सेवाएं दी जा रही है। यहां आने वाले ग्राहकों को एक अलग ही अनुभव मिलेगा। पॉकेट फ्रैंडली होने के कारण महिलाएं और पुरुष इसकी सेवा ले सकते हैं। सैलून की संचालिका अनामिका सिंह ने बताया कि इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून पूरी तरह वातानूकूलित है। यहां मेल और फीमेल को फेशियल, पेडीक्योर और मैनीक्योर, हेयरकट, शेव, बॉडी पॉलिश, फेशियल, स्मूदनिंग, स्ट्रेटनिंग, हेयर स्पा, एचडी एयर ब्रश मेकअप, ब्लीचिंग, हेयर कलर, स्ट्रेटनिंग, रूट टच अप आदि जैसी कई सेवाएं दी जाती है। सैलून में महिला ब्यूटी पार्लर सेवाएं, ब्राइडल मेकअप सेवाएं और यूनिसेक्स सौंदर्य सैलून जैसे सुविधाएं ग्राहकों दी जाती है। यहां का ब्राइडल मेकअप सबसे खास है। फरवरी माह तक ग्राहकों को पैकेज के आधार पर कई ऑफर दिये जायेंगे। ग्लोबल कलर, ट्रिटमेंट कलर स्पा और हेयर कट 3999, हेयर कट और हेयर स्पा 1199, पेडीक्योर और मैनीक्योर 799 आदि कई ऑफर दिये जा रहे हैं।

## श्रद्धालु सेवा शिविर का किया गया आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** पहाड़ी मंदिर परिसर रातू रोड रांची में बाबा विद्यापति स्मारक समिति के द्वारा एक श्रद्धालु सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाबा भोलेनाथ के भक्त जनों को कच्चा दूध, गंगाजल, भांग, बेलपत्र, फूल, अगरबत्ती आदि देकर सभी भक्तजनों का हार्दिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में रांची नगर निगम के महापौर संजीव विजयवर्गीय अपने हाथों से कई भक्तजनों को कच्चा दूध गंगाजल फुल आदि देकर अभिनंदन किया। संजीव विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा की प्रशंसा करते हुए धर्म-कर्म की कार्यों में रुचि रखने के लिए उनकी प्रशंसा की एवं बाबा विद्यापति स्मारक समिति द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी भक्तजनों का हार्दिक अभिनंदन किया गया। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा, मृत्युंजय झा, भावेश मिश्रा, श्याम किशोर चौबे, भावेश चंद्रा, प्रवीण कुमार मिश्रा, राधेश्याम यादव, कृतेश झा मनीष सरावगी, रमेश भारती, गोपाल ठाकुर, अनूप कुमार गुप्ता, सूर्यकांत कुमार सिंह आदि ने भाग लेकर श्रद्धालु सेवा शिविर मैं सभी शिव भक्तों का अभिनंदन किया एवं सभी भक्तों को पूजा सामग्री आदि देकर महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। साथ ही साथ बाबा विद्यापति स्मारक समिति के सभी सदस्य गण के द्वारा एवं पार्श्व गायक प्रवीण कुमार मिश्रा द्वारा शिव नाचारी एवं भक्ति गीत गाकर सभी श्रोता गण को झुमा दिया।

## अनुबंध कर्मी विधायकों से विधानसभा में मामला उठाने की करेंगे मांग, हड़ताल जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि झारखंड विधानसभा सत्र से पहले अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी स्थानीय विधायकों को अपनी समस्याओं से अवगत करायेंगे। जिला कमेटी के माध्यम से विधायकों को ज्ञापन सौंप कर मामले को विधानसभा में उठाने की मांग करेंगे। गत 33 दिन से अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी अपने स्थायीकरण की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरने पर हैं। इनमें एनआरएचएम के तहत संविदा पर बहाल एएनएम-जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन शामिल शामिल हैं। अपनी एक सूत्री मांग 2014 नियमावली के तहत सीधा समायोजन के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। शनिवार को 24 जिलों से आए सैकड़ों पारा चिकित्सा कर्मियों ने आंदोलन स्थल पर पहुंच कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

### साहू कॉलोनी में आदित्य साहू ने की चुनावी बैठक, एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मांगा वोट

# रामगढ़ के विकास के लिए एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में करें मतदान : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रभारी बनाये गये प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने शनिवार को छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 के साहू कॉलोनी में चुनावी बैठक किया। इस दौरान बैठक में बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस की पूर्व विधायक ने सत्ता सुख भोगने के लिए अपनी आंसुओं को दिखाकर जनता को ठगने का काम किया है। राज्य में सत्तासीन गठबंधन की सरकार ने लूट खसोट का गठबंधन किया है, जिन्हें जनता की जरूरतों को समझने की कोई चिंता नहीं। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे एनडीए गठबंधन की सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान लगभग पिछले तीन सालों तक देश के अस्सी करोड़ गरीब जनता को बिल्कुल मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया। साथ हीं सभी के जनधन खाते में हजारों रुपये भी दिया। जिससे लाखों गरीबों को राहत मिली और ये कांग्रेस समर्थित झारखंड सरकार ने केंद्र से भेजे गए राहत सामग्री को भी लूटने में कोई कमी नहीं रखी। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने भविष्य के साथ रामगढ़ के विकास के लिए एनडीए की मजबूत गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी सुनीता चौधरी को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनायें।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में मुख्य रूप से कैंट प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, महामंत्री प्रो खिरोधर साहू, राजीव पामदत्त, प्रो आलोक सिंह, विजय जायसवाल, रोबिन गुप्ता, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, प्रवीण सोनू, संतोष शर्मा, धीरज साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री आज राजकीय इटखोरी महोत्सव का करेंगे आगाज, तैयारी पूरी

# सनातन धर्म जैन और बौद्ध धर्म के अनुयाई बनेंगे गवाह

अजय चौरसिया







**चतरा (आजाद सिपाही)।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आज रविवार को रंगारंग आगाज होगा। इस महोत्सव के आयोजन की प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसका उद्घाटन सूबे की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। डॉ विपिन मिश्रा स्तुति गायन के साथ इसका आगाज होगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के कई नामचीन कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा। महोत्सव के मुख्य आकर्षण प्रख्यात बॉलीवुड सिंगर शब्बीर कुमार, मिथिला की शान नामचीन गायिका मैथिली ठाकुर, सारेगामापा लिटिल चैंप्स 2022 के रनर अथर्व बक्सी, इंडियन आइडल के फेम पूजा चटर्जी एवं रोहन देव पाठक होंगे। इसके अलावा राहुल मुखर्जी ग्रुप भी महोत्सव के दूसरे दिन अपनी गायकी को प्रस्तुत करेंगे। प्रशासनिक स्तर पर शनिवार को इटखोरी महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। मालूम हो कि राजकीय इटखोरी महोत्सव 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होता है। इस बार भी महोत्सव के आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां की गयी है। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर भव्य मंच बनाया गया है। महोत्सव को लेकर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था को संचालित करने के लिए अलग से बल तैनात किए गए है।

### कार्यक्रम 21 फरवरी की रात 10 बजे तक रहेगा जारी

**उपायुक्त अबु इमरान ने बताया कि महोत्सव का विधिवत उद्घाटन दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महोत्सव के मंच से करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री मां भद्रकाली मंदिर परिसर में पूजा अर्चना भी करेंगे। महोत्सव का उद्घाटन सत्र के पश्चात संध्या 5 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुरू होगा। रंगारंग कार्यक्रम 21 फरवरी की रात 10 बजे तक जारी रहेगा। देरशाम उपायुक्त अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन समेत अधिकारियों ने महोत्सव का फाइनल जायजा लिया।**

# इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स का 5वां माइनिंग कॉनक्लेव

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** नवीनतम तकनीक का खनन उद्योग पर प्रभाव विषय के तहत रांची स्थित होटल रेडिशन ब्लू में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पांचवां माइनिंग कॉनक्लेव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्वागत करते हुए इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अमृतांशु प्रसाद ने खनन उद्योगों पर तकनीकों के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के बारे में बात करते हुए। उन्होंने बताया कि इसकी मदद से खनन कंपनियों को अधिक आसानी से खनिजों का पता लगाने में कैसे मदद की जाती है। डॉ प्रसाद ने अपने उद्घाटन भाषण के दौरान माइनिंग ससटेनेबिलिटी यानी सतत विकास पर भी चर्चा की। झारखंड राज्य के खनन सचिव अबू बकर सिद्दकी ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा झारखंड कोयला, लौह अयस्क, तांबा अयस्क, अभ्रक और कोबाल्ट का प्रमुख उत्पादक है। खनन में बढ़ते मशीनीकरण, कच्चे माल की उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले श्रम लागत के कारण झारखंड विश्व स्तर पर निवेशकों को आकर्षित करता रहा है। आज भी हम देश में ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए जीवाश्म ईंधन यानी खनन उद्योगों पर ही निर्भर है। पिछले साल ग्लासगो में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिज्ञा को बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत 2070 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को शुद्ध शून्य तक सीमित कर देगा। झारखंड सरकार की आगामी योजनाओं पर बात करते हुए खनन सचिव ने बताया कि राज्य सरकार खनन क्षेत्रों को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है जिससे कोल खनन तथा अन्य खनन अन्य क्षेत्रों पर बेहतर प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम में मौजूद सेल (सीइटी) के निदेशक जगदीश अरोडा ने खनन उद्योगों पर प्रकाश डालते हुए ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रे हाइड्रोजन, ब्लैक हाइड्रोजन के अंतर को समझाया तथा भविष्य में खनन उद्योग पर ग्रीन हाइड्रोजन के प्रभाव पर चर्चा की और इसके फायदे के बारे में बताया। इस कॉनक्लेव के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए स्टील अथॉरिटी के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी केंद्र के कार्यकारी निदेशक जगदीश अरोड़ा ने खनन क्षेत्रों में तकनीक के प्रभावों पर अपनी बात कही। इस में चर्चा करते हुए इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के क्षेत्रीय खान नियंत्रक सलील संदीप कुजूर, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के एडवाइजर टीके मुखर्जी, महाप्रबंधक श्याम सुंदर सेठी, एमएमडी के निदेशक शुभाजीत चौधरी, फेयरमाइन समूह के निदेशक राजीव कुमार सिंह तथा बीआइटी मेसरा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुकल्याण चक्रवर्ती ने संबंधित विषय पर विस्तृत चर्चा की। कॉनक्लेव के समापन के दौरान धन्यवाद भाषण देते हुए सिटीजन फाउंडेशन के सीईओ गणेश रेड्डी ने कहा आयोजन की तारीफ की तथा लोगों के प्रति विशेष आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन हर्षा अग्रवाल ने किया।

# एक-दूजे के अटूट बंधन में बंधे 11 नवदंपति जोड़े

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद झारखंड के सेवा विभाग एवं रांची महानगर के अध्यक्ष की उपस्थिति में और उनके सहयोग से रांची लायंस क्लब ऑफ रांची समर्पण शाखा मोराबादी की ओर से 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। रांची कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने अपनी जीवनसंगिनी आरती झा को प्रेरित किया और उन्होंने देवी स्वरूपा 11 कन्याओं का विवाह कराने का पुनीत संकल्प लिया था, जो आज नगर वासियों की उपस्थिति में सेवासदन पथ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में यह आयोजन के अंतर्गत मूर्धन्य ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक रीति से पूरे विधि विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ रांची के सिद्धार्थ मजूमदार उनकी पत्नी शुभ्रा मजूमदार, विनोद गढ़यान, राजेश मोर, राजेश चौधरी रांची लायंस क्लब ग्रेटर के धर्मेंद्र और लायंस क्लब ऑफ रांची समर्पण की सदस्यगण, अन्य क्लबों से आये सदस्यों के साथ-साथ रांची विश्व हिंदू परिषद के रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा, कल्पना मुंडा, विहिप समरसता मंच के सह प्रांत प्रमुख दीपक कुमार महतो, दुर्गावाहिनि की बबीता ने अपने आशीर्वचन दिये।

माहेश्वरी सभा रांची के निवर्तमान अध्यक्ष जुगल मारू, शिव शंकर साबू और उपाध्यक्ष भाला ने इस प्रकार के सामाजिक आयोजनों के लिए सदैव भवन व आवश्यक बर्तन, फर्नीचर गद्दे चादर आदि उपलब्ध कराने का वचन देने के साथ महाशिवरात्रि के पवित्रतम शुभ घड़ी पर महेश पार्वती स्वरूपा नव जोड़ियों को हृदय से आशीर्वाद दिया।

ताओ इंटरनेशनल सोयायटी की मलेशिया शाखा के 15 सदस्यीय मलेशिया सिंगापुर टीम के साथ मास्टर ने सभी नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया और उनके सफल सुखी सम्पन्न वैवाहिक जीवन की कामना की। प्रांत सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल अग्रवाल ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद् झारखंड के सहयोगी संस्थान बिरसा सेवा न्यास जिसके वर्तमान अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत जी हैं, लगातार 2016 से अब तक 2500 से अधिक जोड़ियों का सामूहिक विवाह रांची की विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से करवाया गया है। सभी को दांपत्य जीवन की गाड़ी सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यकताओं के अनुरूप वस्त्र, बर्तन, कुर्सी, गद्दे तकिये, वर वधु के परिधान श्रृंगार सामग्री के साथ साथ तीन तीन चार चर जोड़ी कपड़े, जूते चप्पल छाता, मंगल सूत्र एवं गहने दिये जाते हैं। इस विवाद समारोह एवं वर वधु जोड़ियों का निबंध पूरी जांच पड़ताल के बाद गुंजन गुप्ता निदेशिका सृजन हैल्प संस्थान द्वारा किया गया, जिसके लिए उनके पति संजय ने पूरा साथ दिया।

## डीसी के आदेश पर महोत्सव में महाबोधि मंदिर के सचिव को दिया आमंत्रण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को सफल बनाने को लेकर जिला प्रशासन के पदाधिकारी रात दिन तैयारी में जुटे हैं। महोत्सव में अब दो दिन शेष बचे है। सभी कार्य पूर्ण करने में लगे हैं। डीसी अबु इमरान के निर्देश पर शुक्रवार को हंटरगंज बीडीओ अभिषेक पाण्डेय ने गया के महाबोधि मंदिर के सचिव एन दोरजे और अखिल भारतीय भिक्षु संघ के अध्यक्ष भंते प्रज्ञादीप से मुलाकात कर महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रण पत्र भेंट में दी। साथ ही इटखोरी महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। बीडीओ ने झारखंड सरकार द्वारा इटखोरी में 19 से 21 फरवरी तीन दिवसीय आयोजित होने वाले राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए एन दोरजे ने महोत्सव में आने का आश्वासन दिया है। इस दौरान उन्होंने आमंत्रण पत्रिका में दर्शाए भद्रकाली मंदिर की छवि चित्र और उद्घाटन अवधि में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमो की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने इस आमंत्रण के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## एनटीपीसी सीजीएम तजिंदर गुप्ता की माता का निधन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी वृहद ताप विद्युत 1980 मेघवाट के सीजीएम तजिंदर गुप्ता की मां 76 वर्षीय शकुंतला देवी का शुक्रवार को निधन हो गया। बताया गया की वे पिछले कुछ दिनो से बीमार चल रही थी। इनके निधन पर सिमरिया विधायक किसुन दास, अक्षयवट पांडेय, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला महामंत्री मिथलेश कुमार गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव, गारिलौंग मुखिया सबिदा खातुन, विहिप प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनील चौरासिया, प्रताप चौरासिया, महेंद्र यादव, टंडवा मुखिया सुनीता देवी, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, जिला संघ मुखिया अध्यक्ष अरविंद सिंह समेत अन्य ने गहरी शोक संवेदना पकट की।

## झारखंड राज्य भूइयां समाज की बैठक में शबरी जयंती मनाने का निर्णय



**पतरातु (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के सांकुल मे स्थित ऊपर टांड भुईयां टोली में झारखंड राज्य भुइया समाज विकास समिति की बैठक शनिवार को हुई। इसमें समिति के जिलाध्यक्ष आजाद भुइया जिला कोषाध्यक्ष गरीबा भुइया, राज्य कमेटी के सदस्य रामचंद्र भुइया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाली 28 फरवरी को माता शबरी की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। इसकी सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष नाम रीना देवी, उपाध्यक्ष रोशन कुमार पूर्ण भुइया, सचिव दिलीप भुइया कोषाध्यक्ष मुकेश भुइयां को बनाया गया। बैठक में शुक्र भुईयां, नेहा कुमारी, गोपी भुइया गुजरी देवी, सुनीता देवी, तेतरी देवी, शांति देवी, अनीता देवी, विक्रम कुमार, अजय कुमार, गौतम कुमार, प्रदीप कुमार, किटी कुमार आदि शामिल थे।

## पावन क्रूस स्कूल में हस्तकला एवं विज्ञान-प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस स्कल में शनिवार को हस्तकला एवं विज्ञान-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडलो व एक से बढ़कर एक नायाब कृतियों का शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अवलोकन कर इसका जमकर सराहना की। मौके पर विद्यालय के सचिव सी. एग्नेस बेक, प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमंती ने सभी विद्यार्थियों को सुंदर कृतियों के लिए बधाई दी। विद्यार्थियों को सहयोग क्रिस्टीना, सोसन, सेलिन, रजनी, कंचन, आशा, गीता, निर्मला, कमला, सेलेस्टीना आदि ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुधीर, खेल प्रशिक्षक मो. कमरुद्दीन, रजनी सिन्हा, रेणु, संगीता सहित विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में 24 घंटे के अखंड-पाठ का शुभारंभ, भंडारा आज



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** महा शिवरात्री के पावन अवसर पर श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में शनिवार को पूजा-अर्चना के साथ 24 घंटे के अखंड-पाठ का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बरका-सयाल के जीएम अजय कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने पूजा-अर्चना कर की। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। मौके पर पूजा समिति के लोगों ने बताया कि रविवार को हवन पुणार्हुति के साथ अखंड-पाठ का समापन होगा। इस दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में कमेटी चैयरमेन गणेश साव, उपाध्यक्ष किशुन नायक, सचिव लालमोहन यादव, कोषाध्यक्ष रूदल राउत, सहसचिव डब्लू पांडेय, सह कोषाध्यक्ष नागेंद्र राम, आदर्श गुप्ता, सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा, पुजारी अशोक तिवारी, प्रमोद सिंह, सुनील बैठा, मो. इसलाम, जीतन साव, गणेश मंडल, बबलू यादव आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने किया रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने एसपी पीयूष पांडे के साथ रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप निर्वाचन के मद्देनजर कमिश्निंग एवं मॉक पोल कार्यों का जायजा लिया। मौके पर डीसी ने वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता, निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों से कमिश्निंग एवं मॉक पोल संबंधित कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रामगढ़ महाविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब हो कि रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव को लेकर शनिवार को उप निर्वाचन में लड़ने वाले अभ्यर्थियों ने रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में मॉक पोल किया।

## सीएम हेमंत सोरेन आज गोला में सभा को करेंगे संबोधित

**गोला (आजाद सिपाही)।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला में कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग कुमार महतो के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। बताया गया कि दोपहर को मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर एक बजे पहुचेंगे। हाई स्कूल मैदान में हेलीपैड बनाया गया है। शनिवार को डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मौजूद अधिकारियों से सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम के कार्यक्रम को लेकर पुलिस महकमा पूरी तरह से अलर्ट है।

# सिमटती सर्दी

राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में ठंड से जुड़े ताजा आंकड़े विशेषज्ञों का ध्यान खींच रहे हैं। इस क्षेत्र में ठंड का मौसम आम तौर पर मध्य नवंबर से फरवरी के आखिर तक माना जाता रहा है, लेकिन पिछले करीब एक दशक का ट्रेंड बताता है कि दिसंबर में ठंड कम होती जा रही है और जनवरी में ज्यादा। मौसम विभाग की शब्दावली में ठंड की तीव्रता दशार्ने वाली दो श्रेणियां हैं- शीत दिवस या कोल्ड डे और शीत लहर या कोल्ड वेव। कोल्ड डे उस दिन माना जाता है, जिस दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे हो और उच्चतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे। शीत लहर तब मानी जाती है, जब किसी इलाके में तापमान या तो 4 डिग्री सेल्सियस गिर जाये या न्यूनतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे हो। इस पैमाने पर देखा गया है कि पिछले कुछ वर्षों से दिसंबर में कोल्ड डेज और कोल्ड वेव दोनों की संख्या अपेक्षाकृत कम हो रही है। उदाहरण के लिए, पिछले दिसंबर में पूरे महीने कोई कोल्ड वेव नहीं रही। कोल्ड डेज भी 2 ही रहे। 2021 में एक और 2020 में दो कोल्ड डेज रेकॉर्ड किये गये थे, जबकि 1990 से 2010 के बीच दिल्ली में दिसंबर महीने के दौरान हर साल औसतन 8-9 कोल्ड वेव और 12-15 कोल्ड डेज दर्ज किये गये थे। जनवरी की बात की जाये, तो इस बार दिल्ली में 8 कोल्ड डेज दर्ज हुए जो पिछले 15 साल में सबसे ज्यादा हैं। यही नहीं, इस बार पिछले एक दशक की सबसे लंबी कोल्ड वेव (5 से 9 जनवरी) भी इसी महीने पड़ी। हालांकि जनवरी शुरू से साल का सबसे ठंडा महीना रही है, लेकिन वैज्ञानिकों में आम राय है कि करीब एक दशक पहले तक इस इलाके में ठंड नवंबर के आखिर से जनवरी के बीच अपेक्षाकृत ज्यादा उदारता से फैली रहती थी। सवाल यह है कि अब अगर यह जनवरी में सिमटती जा रही है तो इसे किसी रूप में देखा जाना चाहिए। मौसम विभाग और इससे जुड़े विशेषज्ञों की राय है कि इतनी कम अवधि और इतने सीमित क्षेत्र के आंकड़ों के आधार पर ज्यादा बड़े नतीजे नहीं निकाले जाने चाहिए। उनके मुताबिक तापमान में देखे जा रहे इन बदलावों के पीछे बहुत सारे लोकल और ग्लोबल फैक्टर हो सकते हैं। इन्हें क्लाइमेट चेंज की प्रक्रिया से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। मगर कई अन्य विशेषज्ञ ध्यान दिलाते हैं कि मामला सिर्फ दिसंबर और जनवरी का नहीं, फरवरी में भी गर्मी सामान्य से ज्यादा देखी जा रही है। उनके मुताबिक इन बदलावों का संबंध क्लाइमेट चेंज से होने की संभावना पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। पहले भी ऐसी रिपोर्टें आयी हैं, जिनमें मौसम में बदलावों के पैटर्न को समझते हुए फसलों में परिवर्तन की जरूरत पर जोर दिया गया है। ये ऐसे पहलू हैं, जिन्हें टालना किसी के हक में नहीं होगा।


**सवाल यह है कि अब अगर यह जनवरी में सिमटती जा रही है तो इसे किसी रूप में देखा जाना चाहिए। मौसम विभाग और इससे जुड़े विशेषज्ञों की राय है कि इतनी कम अवधि और इतने सीमित क्षेत्र के आंकड़ों के आधार पर ज्यादा बड़े नतीजे नहीं निकाले जाने चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आर्थिक स्थिति के मद्देनजर दिन-प्रतिदिन बिगड़ते हालातों में आइएमएफ तथा पाकिस्तान के मध्य बातचीत में आये गतिरोध को मुख्य कारण माना जा रहा है। बेशक, शहबाज शरीफ की सरकार के लिए यह एक बहुत बड़ा झटका है। कहीं न कहीं महंगाई का सीधा संबंध उस प्राकृतिक आपदा से भी साधा जा रहा है जो गत वर्ष पाकिस्तान के लिए कहर बन कर आयी।**

# न तीन में, न तेरह में पाकिस्तान की आम जनता

दीपिका अरोड़ा





पड़ोसी देश पाकिस्तान के आर्थिक हालात बिगड़ते ही चले जा रहे हैं। ताजा विज्ञप्ति अनुसार दूध के भाव 210 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक यदि डेयरी किसानों तथा थोक विक्रेताओं द्वारा घोषित मूल्य वृद्धि वापस नहीं की जाती, तो यह दाम बढ़ कर 220 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर तक जा पहुंचने की पूरी संभावना है। आटे-चीनी की कीमतों में आये उछाल के बाद चिकन के भाव भी 780 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बढ़त बना चुके हैं।

फल-सब्जियों के दाम तो पहले ही आसमान छू रहे थे। खाने में आवश्यक अवयव के रूप में प्रयुक्त होने वाला नमक जहां 49 रुपये प्रति किलो का दायरा पार कर चुका है, वहीं सरसों तेल के भाव 532.5 रुपये प्रति लीटर हो गये हैं। कुल मिला कर महंगाई की इस अप्रत्याशित मार से आम जनता बेहाल है। आलम यह है कि आम पाकिस्तानी दो वक्त के खाने के लिए मोहताज हो चुके हैं। आर्थिक स्थिति के मद्देनजर दिन-प्रतिदिन बिगड़ते हालातों में आइएमएफ तथा पाकिस्तान के मध्य बातचीत में आये गतिरोध को मुख्य कारण माना जा रहा है।

**इस महंगाई की अप्रत्याशित मार से पाकिस्तान की आम जनता बेहाल है।**

बेशक, शहबाज शरीफ की सरकार के लिए यह एक बहुत बड़ा झटका है। कहीं न कहीं महंगाई का सीधा संबंध उस प्राकृतिक आपदा से भी साधा जा रहा है जो गत वर्ष पाकिस्तान के लिए कहर बन कर आयी। गौरतलब है कि इस रिकॉर्ड तोड़ बाढ़ में लगभग 1,739 लोग मारे गये एवं 20 लाख के करीब घर नष्ट हो गये। इस दौरान हुई जन-धन क्षति से उभरने हेतु अभी भी पाकिस्तान संघर्षपूर्ण स्थिति का सामना कर रहा है। भले ही मौजूदा परिस्थितियां प्रमुख रूप से उक्त वर्णित दो कारणों को जिम्मेदार ठहराती हों, किंतु महंगाई की इस अनियंत्रित स्थिति में देश निर्माण की आरंभिक अवस्था से लेकर आज तक के व्यवस्थात्मक प्रबंधन को खंगाले बिना किसी निष्कर्ष तक पहुंचना सही नहीं होगा।

पूर्व में भारतवर्ष का अभिन्न अंग रहा यह पड़ोसी राष्ट्र, स्वतंत्र रूप में जहां अपने उदयकाल से ही राजनीतिक अस्थिरता का शिकार रहा है, वहीं आतंकवादी गतिविधियों के प्रचार-प्रसार एवं आतंकवादियों के कथित सहयोग को लेकर भी सदैव ही प्रश्नचिन्ह के घेरे में रहा। राष्ट्र की सामाजिक संरचना की बात करें तो अमीर-गरीब के मध्य की खाई को अत्यंत गहरा पायेंगे। स्पष्ट है, सामाजिक असमानता का यह भारी अंतर कुव्यवस्था के कारण ही पनपा है और इसके फैलाव में मुख्य कारक बना यहां व्याप्त भ्रष्टाचार। जैसा कि सर्वविदित है, कुव्यवस्था एवं भ्रष्टाचार में निकट संबंध है अर्थात दोनों ही एक-दूसरे के सृजक हैं।

भ्रष्टाचार की बात करें तो वैश्विक स्तर पर पंख पसारता, यह एक चिंताजनक विषय बन चुका है। कम अथवा अधिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं भी इसकी चपेट में आने से नहीं बच पायीं। 2021 की भ्रष्टाचार विरोधी प्रहरी (एंटी क्रप्शन वॉचडॉग) की रिपोर्ट में विश्व के कुछ अधिक आबादी वाले देशों ने खराब स्कोर हासिल किया। पाकिस्तान को इस सूची में 140वें स्थान पर रखा गया। 0 से 100 अंकों के पैमाने का उपयोग करते हुए तय की जाने वाली इस रैंकिंग सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वां स्थान मिला। भ्रष्टाचार अवधारणा सूचकांक (सीपीआइ) के तहत शामिल 180 देशों की सूची में भारत को मिले 85वें स्थान को हालांकि ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 के मुकाबले बेहतर बताया गया, लेकिन साथ ही देश की लोकतांत्रिक स्थिति को लेकर चिंता भी प्रकट की गयी।

**वर्तमान स्थिति के पक्ष में विचारणीय है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पनाएं स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी अपेक्षित रूप से फलीभूत नहीं हो पायी हैं। भ्रष्टाचार से निपटने हेतु भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 बनाये जाने के बावजूद परिस्थितियां और अधिक जटिल होती चली गयीं।**

वर्तमान स्थिति के पक्ष में विचारणीय है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पनाएं स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी अपेक्षित रूप से फलीभूत नहीं हो पायी हैं। भ्रष्टाचार से निपटने हेतु भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 बनाये जाने के बावजूद परिस्थितियां और अधिक जटिल होती चली गयीं। आज सरकारी, गैर-सरकारी, किसी भी संस्थान में चले जायें, लालफीताशाही अपने रूपांतरित रूपों सहित देखने में मिल ही जायेगी। स्वार्थसिद्धि के आशय से चुनिंदा घरानों को विशेष पराश्रय देते हुए राजनीतिक लाभ पहुंचाने का प्रचलन भी आम देखने में आता है। संज्ञान में आए घोटालों की बात करें तो भारत में बोफोर्स, यूरिया, चारा, शेयर बाजार से लेकर 2-जी स्पैक्ट्रम, अनाज, कोयला खदान आदि तक घोटालों की एक लंबी सूची है। विकास योजनाओं के नाम पर आबंटित राशि के माध्यम से घटिया सामग्री उपलब्ध करवा कर भ्रष्ट तंत्र जनता की कमाई के करोड़ों रुपये डकार जाता है।

मामला सुर्खियों में आने पर इस गंदले तालाब की छोटी मछलियां ही पकड़ में आ पाती हैं, चूंकि बड़े मगरमच्छ तो पहले ही विशिष्ट अनुकंपा के तहत विशेष विमान पर सवार होकर पहुंच से कहीं दूर निकल चुके होते हैं और खमियाजा चुकाती है आम जनता, जिसकी गिनती न तीन में, न तेरह में।

## जमशेदपुर की खबरें

# लौहनगरी में दो नदियों के संगम में दिखा आस्था का महासंगम

**हरिद्वार और बनारस के तर्ज पर की गयी महाआरती, हर हर महादेव से गूंजा शहर**





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सोनारी सुवर्ण रेखा और खरकई नदी के संगम में महा शिवरात्रि में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पहल पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को सुबह पांच बजे से ही बनारस से आये साधु-संतों का शाही स्नान शुरू किया गया। शाही स्नान मे झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी शामिल हुए। दोमुहानी सुवर्णरेखा नदी घाट पर नागा बाबा समेत वाराणसी से आये साधु संतो ने शाही स्नान कर नदी घाट पर ही कृतिम शिवलिंग पर पूजा अर्चना की। मंत्री ने शाही स्नान के दौरान पूजा अर्चना कर सभी साधु-संतों को सम्मानित किया। सुबह दस से बारह बजे तक पंडित शास्त्री की देखरेख में भोलेदानी की पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक किया गया। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर संध्या सवा पांच बजे से काशी के अस्सी घाट के ग्यारह पंडित आचार्य मोहित के उपस्थिति में गंगा आरती के तज पर जमशेदपुर के सोनारी स्थित स्वर्णरेखा व खरकाई नदी के संगम पर आरती की गई। मौके पर सोनारी दोमुहानी स्थित सुवर्णरेखा आरती घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया। इस अवसर पर 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महाशिवरात्रि में पूजा अर्चना की। मौके पर मंत्री बनना गुप्ता के साथ जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी महा आरती में शामिल हुए। वही देश के प्रसिद्ध भजन गायक भरत शर्मा एवं उनके टीम के द्वारा संध्या 7 बजे से भजनों की प्रस्तुति की।

# बेपटरी होकर मालगाड़ी दूसरे से टकरायी, परिचालन बाधित





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनागरी जमशेदपुर से सटे सालगाझुडी रेलवे स्टेशन के पास हावड़ा-मुंबई मैन लाइन पर वेस्ट केबिन के समीप टाटानगर की ओर से आ रही एक मालगाड़ी बेपटरी होकर जमीन पर दौड़ पड़ी। वही एक हावड़ा की ओर से आ रही मालगाड़ी में जाकर टकरा गयी। मौके पर पटरी क्षतिग्रस्त होगया। घटना शनिवार सुबह लगभग 7:30 बजे की है। दुर्घटना में दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर हावड़ा मेन लाइन पर बड़ा रेल हादसा टल गया। दुर्घटना मे रेलवे को भारी नुकसान पहुंचा है। उधर इस रेल हादसे के बाद उक्त मार्ग पर फिलहाल रेल परिचालन ठप हो गया। फिलहाल रेल ट्रैक को खाली कराने का राहत कार्य जारी है। रेल प्रशासन मामले की जांच में जुट गयी है।

# 22 से इंटक का राष्ट्रीय महाअधिवेशन दिल्ली में, तैयारी में जुटे मजदूर नेता

आजाद सिपाही संवाददाता





**जमशेदपुर।** राजधानी दिल्ली में 22 और 23 फरवरी को इंटक के राष्ट्रीय महाअधिवशन होना है। शनिवार को बिष्टुपुर स्थित राकेश पांडे की आवास में इसकी जानकारी दी गयी। मौके पर राकेश पांडे ने बताया दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम मे इसका आयोजन होने जा जा रहा हैं। महाअधिवेशन में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीवा रेड्डी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उपस्थित रहेंगे। साथ ही देश भर से इंटक के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इंटक के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने कहा इंटक विश्व भर में सबसे बड़ा मजदूर संगठन हैं। साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा इसके सदस्य हैं। देश भर मे साढ़े पांच हजार यूनियन इंटक से मान्यता प्राप्त यूनियन हैं। दो दिवसीय महाअधिवशन मे देश मे बढ़ते बेरोजगारी और निजीकरण पर चर्चा की जायेगी। इन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूर्णत मजदूर विरोधी हैं। इंटक इसका विरोध करती हैं। महाअधिवशन में मजदूर हितों मे कैसे आगे बढ़ कर कार्य किया जा सके इसपर विस्तार से चर्चा की जायेगी। मौके पर इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, जिम्मी भास्कर और महेंद्र मिश्रा के अलावा अन्य शामिल रहे।

# होर्टिकल्चर सोसाइटी का आठवां गार्डन ऑफ द इयर 2023 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनागरी जमशेदपुर के बेलडीह क्लब मे होर्टिकल्चर सोसाइटी के तत्वावधान में आठवां गार्डन ऑफ दा इयर 2023 का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में अलग अलग कैटेगरी में विजेताओं को पुरस्कृत का सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह मे मुख्य अतिथि टाटा स्टील के विपी चाणक्य चौधरी मौजूद रहे। इस अवसर पर शहर के स्कुल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान, विभिन्न कंपनी, अस्पताल एवं निजी घरों से कैटागरी के लोग शामिल हैं। मौके पर प्रत्येक कैटेगरी मे विजेताओं को पुरस्कार तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चाणक्य चौधरी ने कहा कि जमशेदपुर शहर को स्टील सिटी के साथ अब क्लीन और ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाता हैं। उन्होंने कहा जमशेदजी नुसीरवानजी टाटा जी के जमशेदपुर शहर देश व विदेशों के कई शहरों के मुकाबले ज्यादा हरा भरा और प्रदुषण मुक्त हैं। शहर में रहने वाले लोगो के सहयोग से ही यह संभव हो पाया हैं। उन्होंने कहा ऐसे ही पर्यावरण प्रेमियों को प्रोत्साहित करने के लिए होर्टिकल्चर सोसाइटी द्वारा प्रत्येक वर्ष गार्डन ऑफ द इयर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत कर उनके मनोवल को बढ़ाया जाता हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा हम सब मिल कर लगातार इस प्रयास को आगे बढ़ाते रहेंगे, ताकि हमारा शहर और हरा भरा शहर के रूप में विकसित हो सके।

# जुगसलाइ रेलवे फुट ओवरब्रिज का निर्माण जल्द, सांसद-डीआरएम ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई रेलवे ओवर ब्रिज बनने के बाद रेलवे ने फाटक बंद कर दिया। उधर फाटक बंद होने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। लोग जान जोखिम में डालकर रेलवे फाटक पार कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने डीआरएम के साथ रेलवे फाटक का निरीक्षण किया। उन्होंने जल्द से जल्द फुटओवर ब्रिज बनने की बात कही। वर्षों पुरानी लाखों लोगों की मांग जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज भले ही बनकर जनता को हेमंत सरकार ने सुपुर्द कर दिया, लेकिन रेलवे ओवरब्रिज बनते साथ ही आम राहगीरों, महिलाओं व छात्रों के समक्ष एक बड़ी समस्या आ गई। रेलवे फाटक पूरी तरह से बंद कर देने से लोगों को आवाजाही करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। लोग रेलवे ट्रैक जान जोखिम में डालकर पार कर रहे या फिर डेढ़ किलोमीटर चलकर 50 मीटर की दूरी तय कर रहे हैं। लगातार इस मामले को लेकर कई राजनीतिक दलों ने आंदोलन भी किया। शनिवार को जिले के सांसद विद्युत वरण महतो ने डीआरएम के साथ रेलवे फाटक पर किस तरह से फुटओवर ब्रिज बने इसे लेकर स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही बागबेड़ा के वायरस मैदान में वाकिंग ट्रैक और मैदान के सौंदर्यीकरण को लेकर निरीक्षण किया।

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि जब तक धरातल पर उतर कर स्थिति को समझ नही जाये, तब तक परेशानियां समझ नहीं आयेगी। उन्होंने कहा रेलवे द्वारा तो कार्य किया जायेगा राज्य सरकार भी इसमें अपना सहयोग करें। जल्द से जल्द फुटओवर ब्रिज आम लोगों को सुपुर्द कर दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा रेलवे द्वारा मैदान का सौंदर्यकरण भी किया जायेगा। मौके पर डीआरएम अरुण जे राठौर ने कहा दोनों स्थलों का निरीक्षण किया गया। फंडिंग की कोई समस्या नहीं है। बहुत जल्द फुटओवर ब्रिज का कार्य शुरू किया जायेगा। साथ ही उन्होंने बागबेड़ा वायरस मैदान में भी सौंदर्य करण और वॉकिंग ट्रैक के लिए अपनी सहमति दी। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला महामंत्री अनिल मोदी, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, भाजपा जुगसलाई मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र जैन, बागबेड़ा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष चंचल चक्रबर्ती, धनंजय उपाध्याय, नागेन्द्र पांडेय, उपेंद्र चतरथ, मानव केडिया, सत्यनारायण अग्रवाल, सुंदर गुप्ता, देवेंद्र शर्मा, रविंदर भाटिया, अमर सिंह, शशि सिंह, रमेश सिंह गढ़वाल, ललन यादव, आनंद कुमार, केशव सिंह, धनंजय उपाध्याय, नागेश राव, गणेश रविदास, सुनील शर्मा, तरविंदर भाटिया, विवेक सिंह, अरविंदर कौर, नितिन झा, अशोक मिश्रा, विष्णु सोनकर, अशोक सारस्वत, मनीष जोशी, बिमल केवलका, गणेश विश्वकर्मा, राजेश रिंगसिया, अनिल सेठ, गोविंद शर्मा, राजा सिंह, रंजीत उपाध्याय, रितेश जैन, विकास महतो, सुनील सिंह, जगदीश लाल, केसव सिंह, धनंजय सिंह, शैलेन्द्र कुमार, राहुल पांडेय, राकेश दुबे, कमल पांडेय, दिलीप पाठक मौजूद रहे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पूर्व विधायक आनंद प्रताप देव ने किया 'अपना वस्त्रालय' का उद्घाटन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय के अपर बाजार स्थित अपना वस्त्रालय नामक कपड़े की दुकान का उद्घाटन पूर्व विधायक आनन्द प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने पूजा अर्चना एवं फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि विशुनपुरा जैसी जगह में फैंसी आइटम के रेडीमेड कपड़े की दुकान खोली गयी है। बदलते परिवेश में इस तरह के रेडीमेड दुकान का खुलना विकास का परिचायक है। उन्होंने कहा कि विशुनपुरा शहर का रूप लेता जा रहा है। लोग अच्छे-अच्छे परिधानों के लिए गढ़वा जाते थे, लेकिन अब उन्हें कम कीमत पर बेहतर कपड़ा यहीं पर मिल जाएगा। पूर्व विधायक ने रेडीमेड दुकान संचालक रविन्द्र कुमार एवं उनके परिवार को नयी दुकान खोलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दुकान संचालक रविन्द्र कुमार ने बताया कि हमारे यहां एक से बढ़कर एक मेंस कलेक्शन अच्छी एवं बाजार से सस्ती कीमतों पर ग्राहकों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस दौरान पूर्व विधायक महाशिवरात्रि पर हो रहे कोचेया गांव स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक में पहुंच पूजा अर्चना की। मौके पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्य अरविंद प्रताप देव, आलोक प्रताप देव, रविंद्र प्रताप देव, अजय यादव, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, किशोर विश्वकर्मा, सीताराम प्रसाद गुप्ता, राजदेव प्रसाद गुप्ता, चिंटू देव, सोनू देव, उमेश गुप्ता सहित व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, माणिक सिंह, संजय गुप्ता, संज यचन्द्रवंशी, सुरेश भंडारी, भुखन साव, गोपाल राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सगमा में शिवरात्रि पर हर हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे शिवालय



**सगमा (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भगवान भोले नाथ पर सुबह से जलाभिषेक करने वालों की भारी भीड़ देखी गयी। शिवरात्रि के अवसर पर दिन शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालय हर हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे। भक्त सुबह से शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। वहीं सगमा प्रखंड के बीरबल गांव में पहली बार मालिया नदी के तट पर स्थित सूर्य मंदिर परिसर में बीरबल के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के द्वारा मेले का उद्घाटन शंकर भगवान व सूर्य भगवान की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर किया। बीरबल में पहली बार मेला लगने से आसपास के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिसा लिया। उसी तरह कटहर कलां गांव में स्थित उत्तम माही पहाड़ पर मेला का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उधर प्रखंड कार्यालय से शिवा ऑल न्यू में सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किये गये थे।

## इटकी प्रखंड क्षेत्र में शिवरात्रि पर भजन कीर्तन सहित अन्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के मौके पर इटकी के मुख्य शिवालय, नया तालाब स्थित महाकाल शिव मंदिर, हरही स्थित गंगा जल शिव मंदिर व नारी स्थित महादेव टंगरा शिवालय सहित अन्य मंदिरों में पूजा के लिए दिन भर भीड़ लगी रही। मौके पर हरही में मेला, मकुंदा में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन व मुख्य बूढ़ा शिवालय में भजन-कीर्तन सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पंडित शत्रुघ्न पांडेय, मनोज महतो, दिवाकर शाही, रामसुंदर महतो, मैदान सिंह, अमित, सहित अन्य शामिल थे।

**शिवरात्रि : मंत्री ने बाबा खोन्हर नाथ सहित विभिन्न शिवालयों में की पूजा-अर्चना**

# शिव और शक्ति की मिलन की रात है महाशिवरात्रि : मिथिलेश ठाकुर

**मंत्री ने बाबा खोन्हर नाथ से गढ़वा एवं गढ़वा वासियों की सुख, समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** महाशिवरात्रि के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा के गिजना स्थित बाबा खोन्हर नाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर गढ़वा की खुशहाली एवं विकास की कामना की।

उन्होंने मेला को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा के आशीर्वाद प्राप्त होने के पश्चात हमने सबसे पहले अपने निजी कोष से बाबा खोण्हरनाथ का भव्य तोरण द्वार बनाया। पर्यटन विभाग में बात करके इसे पर्यटन स्थल के रूप में घोषित करवाते हुए बाबा स्थल का सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए हरसंभव योजनाओं को पारित कराकर चहुंमुखी विकास के लिए प्रयासरत हूं। बाबा के आशीर्वाद से आज प्रांगण में करोड़ों की लागत से विवाह मंडप, शौचालय, बहुउद्देशीय भवन, चारदीवारी, लाइट, सड़क और हर जरूरत सुविधाओं को व्यवस्थित किया जा रहा है। मंत्री ने नगवा शिव मंदिर में भंडारा का उद्घाटन, मेराल के हासनदाग स्थित मोरेया बाबा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा सहयोग प्रदान किया। पहाड़ी शिव मंदिर मेराल पूर्वी में पहुंचकर भोले बाबा का आशीर्वाद लिया एवं मेला आयोजन समिति का मनोबल बढ़ाया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि महाशिवरात्रि शिव और शक्ति की मिलन की रात है। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि तो हर महीने में आती है, लेकिन महाशिवरात्रि साल में एक बार आती है। आध्यात्मिक रूप से इसे प्रकृति और पुरूष के मिलन की रात के रूप में बताया जाता है। शिव भक्त इस दिन व्रत रखकर अपने आराध्य का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंत्री ने कहा कि शिव पुराण की कथाओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन ही शिवजी पहली बार सृष्टि में प्रकट हुए थे। इस दिन विभिन्न स्थानों पर भगवान शिवजी की बारात भी निकाली जाती है। मंत्री ने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर गढ़वा में सभी ओर आस्था की सैलाब उमड़ रहा है। उन्होंने बाबा खोन्हर नाथ से गढ़वा एवं गढ़वा वासियों की सुख, समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना की। साथ ही सभी लोगों से मिलजुल कर शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि मनाने की अपील की।

मौके पर झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सरकारी वकील परेश तिवारी, स्वास्थ प्रतिनिधि कंचन साहू, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, धीरेंद्र चौबे, वीरेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा संयोजक रेखा चौबे, आराधना सिंह, रेखा पाठक, चंदा देवी, प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, पूरन तिवारी, नवीन पाठक, आशुतोष पांडे, राजा सिंह, आर्यन सिंह, जफर खान, रंथा नायक, मन्नजय पाठक, विवेक सिंह, आयुष सिंह, फखरे आलम, सद्दाम अंसारी, सूरज चंद्रवंशी, मयंक द्विवेदी, तहजीब खान, दिलीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## मेराल प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि की धूम शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कई जगहों पर मेले का आयोजन, चारों तरफ हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल ।** प्रखंड भर में शनिवार को महाशिवरात्रि की धूम रही। सुबह से ही शिवालयों तथा अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगने लगी थी। शिवालयों में जलाभिषेक करने का सिलसिला शाम तक चलता रहा।

थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में जहां थाना प्रभारी नीतीश कुमार की अगुवाई में रुद्राभिषेक के साथ हवन पूजन किया गया।

प्रखंड मुख्यालय के नेनुआ मोड़ से सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त गाजे-बाजे के साथ जल यात्रा निकालकर हड़ही पहाड़ पर स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव की गगनभेदी गुण से क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। इसके अलावा मुडल टोला स्थित शिव मंदिर से जल यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया रामसागर महतो सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों ने किया। प्रखंड के सभी गांव में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ भगवान शिव-पार्वती की कथा सुनी तथा रुद्राभिषेक तथा जलाभिषेक किया गया। शिवरात्रि पर प्रखंड में लगने वाले मेले में लोगों की भीड़ देखी गई। बड़ी संख्या में लोगों ने मेला का आनंद उठाया। वहीं भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा मेले तथा भीड़भाड़ वाले मंदिर परिसरों में गश्ती दल तैनात किये गये थे। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में महाशिवरात्रि मनाया जा रहा है। मेले तथा भीड़भाड़ वाले मंदिरों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ संपन्न

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो आदि गगनचुंबी जयघोषों के बीच शनिवार को बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ संपन्न हो गया। इससे पूर्व यगाचार्य पंडित रुद्र नाथ मिश्रा, नरेंद्र किशोर वैद्य, अविनाश मिश्रा, वरुण वैद्य तथा अमन वैद्य के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी अनुष्ठान यजमान कलेश्वर महतो सपत्नीक ने संपन्न किया। यज्ञ के अंतिम दिन भक्ति जागरण का उद्घाटन विधायक समरीलाल, समाजसेवी अनिरुद्ध सिन्हा, मुखिया दशरथ उरांव ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि धर्म व आध्यात्म के रास्ते में ही चलकर सद्गुणों की प्राप्ति संभव है। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत गिरि, सचिव विजय महतो, कोषाध्यक्ष सुभाष पुरी, उमेश साहू, शिबू ठाकुर, उमेश महतो, रामेश्वर महतो, महाबीर महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भांग और धतूरा चढ़ाये



**भगवान शिव की बारात में भूत, बेताल का रूप धारण कर लोगों ने जिला मुख्यालय का किया भ्रमण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अहले सुबह से ही सभी शिवालयों में हर-हर महादेव के नारे गूंजने लगे। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को भांग, धतूरा, बैर, जौ, चना चढ़ाकर दूध से जलाभिषेक किया तो वहीं जिला मुख्यालय के विभिन्न शिवालयों पर महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कलाकारों द्वारा रतजगा कर हर हर महादेव हर हर शंभू का कीर्तन भजन भी किया गया।

महाशिवरात्रि को भगवान शिव की बारात भूत, बेताल, हाड़ा, बिरनी का रूप धारण कर लोगों ने जिला मुख्यालय का भ्रमण किया। जो एक अलौकिक दृश्य बन गया। लोग हर शिवालय पर लगने वाले मेले में भी जमकर लुत्फ उठाये। मौके पर जिला मुख्यालय से सटे जुलवानिया शिव मंदिर के पुजारी ने कहा कि यहां कई दशकों से महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में जिला मुख्यालय के आसपास के सभी प्रखंडों एवं शहर से लोग पहुंचते हैं और पूजा अर्चना कर मेले का लुत्फ उठाते हैं। जुवानिया मंदिर पूजा समिति के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं एवं सहयोग भी मिलता है। मौके पर प्रेम दीवाना, पिंटू कुमार मुखिया, उदय मेहता, चंदन कुमार, दीपक कुमार, आशीष कुमार, सुबोध कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नये कृषि कानून और 2% टैक्स बढ़ोतरी कर राज्य सरकार गरीबों का निवाला छीनने काम कर रही है : अलखनाथ



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय ने राज्य के नये बाजार टैक्स पर बढ़ोतरी को लेकर कहा है कि झारखंड राज्य में नये कृषि विपणन कानून और 2% टैक्स बढ़ोतरी को लेकर राज्य के सभी किसान और छोटे व्यवसायी बहुत ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा लाये गये इस कानून की वे कड़ी निंदा करते हैं। इस फैसले को लागू करके यह सरकार रोज कमाकर खाने वाले लोगों से निवाला छीनने का काम कर रही है। उन्होंने कहा है कि वे राज्य सरकार से मांग करते हैं कि इस कृषि काला कानून और बाजार शुल्क में दो पर्सेंट बढ़ोतरी का बिल वापस ले ताकि यहां का व्यवसाय प्रभावित ना हो। क्योंकि बाजार समिति पर पूरे जिले का व्यवसाय आधारित होता है।

## पूर्व विधायक सह झामुमो नेता ने भगवान भास्कर मंदिर की आधारशिला रखी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनन्त प्रताप देव ने महाशिवरात्रि अवसर पर अरसली उत्तरी पंचायत के लामी टोला में भगवान भास्कर मंदिर की आधारशिला विधिवत पूजा-अर्चना कर रखी। तदोपरांत अनंत प्रताप देव ने उक्त मंदिर के निर्माण हेतु पांच कुदाल मिट्टी खोदकर इसकी नींव भी रखी। मौके पर उन्होंने कहा कि आप ग्रामीणों का सहयोग मिला तो मैं आप सभी के साथ मिलकर सुख दुःख में कंधे से कंधे मिलाकर चलने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भवनाथपुर प्लांट को लगवाकर रोजगार देने का कार्य किया था। कहा कि मैं किसी भी समुदाय के साथ उनके लिए सदैव खड़ा रहता हूं। इसके पूर्व झामुमो नेता अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी ने कड़ियाधाम महाराज का दर्शन कर क्षेत्र की जनता के लिए सुख व उनके समृद्धि के लिए भगवान से कामना की। इस मौके मुखिया प्रतिनिधि पिंटू अंसारी, तासबीन अंसारी, झामुमो नेता बिनोद सिंह, गोपाल यादव, प्रदीप यादव, आशिक अंसारी, सुधीर कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

**शिवरात्रि : शिव पहाड़ी गुफा में हजारों श्रद्धालुओं ने स्वनिर्मित शिवलिंग का दर्शन कर की पूजा-अर्चना**

# महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय मेला में विभिन्न प्रदेशों से जुटते हैं श्रद्धालु



### रहस्यों से भरा पड़ा है शिवपहाड़ी गुफा

प्रखंड मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूरी पर पंडरिया पंचायत में प्राकृतिक मनोरम छटा के बीच स्थित प्रसिद्ध शिव पहाड़ी गुफा अपने आप में कई अजूबे रहस्य समेटे हुए है। यही कारण है कि यह पहाड़ी शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। शिव पहाड़ी गुफा का प्रवेश द्वार इतना संकीर्ण है कि कई लोग तो अंदर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं। लगभग एक सौ फीट अंदर जाते ही शिवलिंग के दर्शन हो जाते हैं। उक्त स्थान पर लगभग एक सौ से अधिक लोग बैठकर भजन-कीर्तन कर सकते हैं। उक्त स्थल पर जाने पर प्रचंड गर्मी के बावजूद शीतलता का एहसास होता है। महाशिवरात्रि के दिन आसपास सहित बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश से हजारों लोग शिव दर्शन के लिए आते हैं। शिवलिंग से करीब 50 फीट और नीचे जाने पर काशी करवट जाने के बाद सूर्य की किरणों का भी दीदार होता है। बड़ी-बड़ी चट्टाने एक दूसरे पर लगे होने एवं इतनी गहराई में जाने के बावजूद सूर्य की किरणों का दिखना गुफा यात्रा को रोमांचक बनाता है।काशी करवट के बाद अत्यंत जटिल रास्ते है।इसके कारण कोई आगे जाने की हिम्मत नहीं कर पाता है।कहा जाता है कि गुफा में के भीतर से ही रास्ता सोन नदी पार कर कैमूर की पहाड़ी तक जाती है किंतु इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत स्थित सरैया गांव के बगल में व चूना पत्थर खदान प्रक्षेत्र स्थित शिव पहाड़ी गुफा में हजारों श्रद्धालुओं ने गुफा में स्वनिर्मित शिवलिंग का दर्शन किया। पुजारी नवीन दुबे द्वारा भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना के बाद अहले सुबह से ही भगवान भोले के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर शिव पहाड़ी पूजा कमेटी के द्वारा दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। मेला में भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन के द्वारा पुलिस बल की तैनाती के साथ ही चिकित्सीय टीम की पदस्थापना भी की गई है।

शिव पहाड़ी गुफा मेला कमेटी के साथ एसआई सहदेव साह दलबल के साथ मुख्य द्वार पर रह भक्तों को गुफा में जाने में सहयोग करते रहे।

**शिव पहाड़ी गुफा का इतिहास :** पंडरिया पंचायत के बुजुर्ग ग्रामीणों की मानें तो लगभग 153 वर्ष पूर्व चपरी के सुखदेव चौबे ने उक्त गुफा में शिवलिंग होने का सपना देखा था। इसके बाद से यहां पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई। उक्त गुफा के बारे में एक कथा प्रचलित है कि पूर्व में आसपास के लोग शादी ब्याह के अवसर पर भगवान भोले को गुफा में निमंत्रण देने जाते थे एवं गुफा से उन्हें भोजन पकाने हेतु बर्तन प्राप्त होता था। इस बर्तन को वे कार्यक्रम समाप्ति के बाद गुफा के मुख्य द्वार पर रख आते थे। किंतु किसी ने बर्तन प्राप्त कर वापस नहीं की तभी से यह प्रथा बंद हो गयी। भवनाथपुर में सेल द्वारा एशिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रशिंग प्लांट लगाने के बाद उक्त क्षेत्र की जमीन अधिग्रहण कर आसपास चूना पत्थर का उत्खनन की जाने लगी।

लोगों की मानें तो उत्खनन कार्य में लगे अधिकारी को खून के पेशाब आने लगे तथा वे अजीबोगरीब सपने देखने लगे, तब से शिव पहाड़ी के पत्थरों को किसी ने तोड़ने की नियत से छुआ भी नहीं।

## हरिहरपुर क्षेत्र के महादेव मंदिर में शिव पार्वती विवाह संपन्न कराया गया



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र में काफी हर्षोल्लास एवं गाजे-बाजे के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। प्रातः काल से ही गांव के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं के द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गयी। शिवरात्रि के अवसर पर डगर गांव में स्थित महादेव मंदिर में शिव पार्वती विवाह संपन्न कराया गया। आज के दिन कई मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया। क्षेत्र मझिगावां पंचायत अवस्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा अखंड कीर्तन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में लगा मेला क्षेत्र के आकर्षण का केंद्र बना। मेले में गांव सहित आसपास के इलाकों से काफी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहा। मेला में शांति व्यवस्था को लेकर हरिहपुर ओपी पुलिस मुस्तैद दिखी।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# पत्नी संग खूंटी के उलिहातू पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

## धरती आबा बिरसा मुंडा को किया नमन, श्रद्धांजलि अर्पित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड के नए राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपनी पत्नी एवं सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल मुरूगन के साथ शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने उनकी जन्मस्थली उलिहातू पहुंचे। दिन के लगभग 1:45 बजे हेलीकॉप्टर से उलिहातू पहुंचने के बाद राज्यपाल सीधे बिरसा की जन्मस्थली बिरसा ओड़ा गए वहां बिरसा की प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद बिरसा के वंशज सुखराम मुंडा सहित अन्य सदस्यों से वहां मुलाकात भी किया। बिरसा ओड़ा में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद राज्यपाल वहां से कुछ दूरी पर अवस्थित बिरसा कंपलेक्स गए और वहां बिरसा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर पत्रकारों से संक्षिप्त बातें करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आजादी के लिए महज 25 वर्ष की आयु में ही अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले बिरसा मुंडा जैसे महान बलिदानों के कारण ही आज हम आजाद हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह मेरा पहला अनुभव है, यहां के लोग काफी सीधे साधे हैं। हम उनके लिए सब कुछ करेंगे। बिरसा मुंडा के वंशजों एवं सखी मंडल की दीदियों द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। राज्यपाल के आगमन को लेकर बिरसा ओड़ा और बिरसा कंपलेक्स की साज-सज्जा फूलों से की गई थी। राज्यपाल के स्वागत के लिए ग्रामीण भी उत्साहित रहे। दूसरी ओर राज्यपाल के उलिहातु आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। उलिहातू के साथ ही आसपास क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।



### प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेवारी का निर्वहन करते नजर आये

उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की अगुवाई में जिला के अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते नजर आये। लगभग एक घंटे तक उलिहातू में रहने के बाद राज्यपाल हेलीकॉप्टर से वापस रांची लौट गये।

## अन्नपूर्णा देवी ने दिउड़ी मंदिर में मत्था टेका



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर में जमशेदपुर जाने के दौरान माता के दरबार में माथा टेका और पूजा अर्चना किये और अपने एवं झारखंड सहित देश के लिए दुआ मागी। इस दौरान तमाड़ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, महामंत्री विवेक गुप्ता, सुरेंद्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं उनका भव्य स्वागत किया।

## धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि का त्योहार

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड में शिवरात्रि का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। विभिन्न शिवालयों में देर रात तक पूजा अर्चना चलती रही। भोले बाबा से सभी ने दुआयें मांगी। महिलाओं ने आज ब्रत रखकर पूजा किये। शिवलिंग पर दूध एवं नारियल पानी डाले गये। फूल बेल पत्ते से से पूजा की गयी। दिन भर मंदिर में भीड़ उमड़ी, बच्चे बच्चियां भी पूजा में लीन दिखे। चारो ओर शिव भक्ति के गाने बज रहे थे। सभी ने मंगल कामना की।

## तेंदुए के शक में ग्रामीणों में भय का माहौल

**अड़की (आजाद सिपाही)।** तेंदुआ बाघ होने का संदेह लोग भागे अड़की प्रखंड के सिरकाडीह जंगल मे गामीणो ने जंगली सुअर को फंसाने के लिए जातीं लगाया था, लेकिन गुरूवार की रात एक जानवर उसमें फंस गया। सुबह लोग उस जगह पर खून के निशान देखे और जातीं गायब था, सामने जाने पर चीता बाघ के गरजने की आवाज आयी, फिर लोग भाग खड़े हुए वह जानवर पैर मे फंदा लगते ही एक खोडड में घुस गया और अभी तक नहीं निकला है, उसके पैर के निशान है। जिसे देखकर लोग तेंदुआ बाघ के कह रहे है, वह दर्द से कराह रहा है। वन विभाग को सूचना दी गई है। लेकिन अब तक कोई नहीं पहुंचा है।

## तमाड़ पूर्वी प्रखंड के निर्माण को लेकर की बैठक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ पूर्वी प्रखंड को बनाने को लेकर चीरूडीह गांव में ईश्वर महतो की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा उपस्थित हुए। तमाड़ पूर्वी प्रखंड का निर्माण होना अति आवश्यक है। आज भी तमाड़ पूर्वी क्षेत्र के जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आजसू नेता ने सभी को आहवान किया कि आइए जागरूक होइए संगठित हो,अब प्रखंड लेने का समय आ चुका है पिछले सरकार ने कैबिनेट में 2012 में पास किया है। आज तक हमारे साथ छल हो रहा है। आंदोलन को सफल बना कर क्षेत्र का विकास में हम सब का योगदान हो। मौके पर सादर कर्मकार दिनेश साहू, हरे लाल महतो शिव महतो, ठाकुर कर्मकार, बांकेलाल पुराण, कैलाश प्रमाणिक, शांति शरण गुप्ता, हरदेव महतो, ईश्वर महतो, निरंजन महतो, ललित महतो, रसराज महतो, दे कुमार सिंह मुंडा, मनोज कुमार महतो, रामनाथ प्रमाणिक, बलरामपुर मकान, रमाकांत साहू, प्रदीप महतो, केदार साहू, कपिल सिंह मुंडा, दिगंबर कर्मकार, गोवर्धन महतो, दिलेश्वर कर्मकार, नाश्ता महतो, सुमन महतो, परशुराम स्वामी, अजीत शास्त्री, रंगलाल महतो, राकेश गुप्ता, सोना हजाम, मलिंदर महतो आदि उपस्थित थे।

## कोल फील्ड मजदूर यूनियन ने रोहिणी प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद धरना-प्रदर्शन किया स्थगित



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना के सभागार में षनिवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन की रोहिणी परियोजना पदाधिकारी डीके सिंह के साथ बैठक हुई। बैठक में यूनियन द्वारा 20 फरवरी को घोशित एक दिवसीय धरना प्रदर्षन को स्थगित करने का आग्रह रोहिणी प्रबंधन की ओर से किया गया। इस दौरान प्रबंधन की ओर से यूनियन की सभी मांगों को मार्च तक पुरा करने का आष्वासन दिया गया। वहीं यूनियन ने कहा कि अगर प्रबंधन द्वारा मार्च तक सभी मांगों को पूर्ण नही करती है तो यूनिसन अप्रैल में धरना प्रदर्षन करने को बाध्य होगी जिसकी पुर्ण जिम्मेवारी परियोजना पदाधिकारी की होगी। बैठक में रोहिणी पीओ डीके सिंह के अलवा अमला अधिकारी दीपक गिरी, एफएम गोयल सर, सिविल इंजीनियर आभाष त्रिपाठी तथा यूनियन के ओर से एरिया अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, अनूप रजक, रामा उरांव, ध्वजा राम धोबी, प्रधान मुंडा, नंदू मेहता, सुधीर सिंह, चुनूं उरांव, सोमनाथ मालिक, प्रदीप करमाली, राकेश उरांव, सुबोध उरांव, रूपलाल गंझू, प्राण मोदी, राजू घासी, दिनेष्वर सिंह, गफ्फार अंसारी, राजनाथ सिंह, मनोज राम, संजय राम, राजेन्द्र साव, काली राम, रविंद्र गंझू आदि मौजूद थे।

## साइकिल से पीएम से मिलने के लिए निकले फूलचंद लकड़ा का खलारी में भाजपा कार्यकताओं ने किया स्वागत

**खलारी (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर से साइकल से दिल्ली के लिए निकले भाजपा कार्यकर्ता फूलचंद लकड़ा शनिवार को खलारी पहुंचे। खलारी हिंदूगढ़ी चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा खलारी मंडल उपाध्यक्ष सिन्नी समाड़ ने फूलचंद लकड़ा को मिठाई और फल भेंट किया। मौके पर फूलचंद लकड़ा ने बताया कि वे जमशेदपुर से तीन दिन पहले अपनी दिल्ली तक की यात्रा को शुरू किया। उन्होंने बताया कि उनका साइकल से दिल्ली जाने का उद्देश्य मात्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात करना है। वह शनिवार को खलारी में ही विश्राम करेंगे। जिसके बाद रविवार से वह आगे की यात्रा किए प्रस्थान करेंगे। फूलचंद लकड़ा का स्वागत करने वालो में सिन्नी समाड, शत्रुंजय सिंह, श्रीकांत शर्मा, राजू रंजन, रवि सिंह, उपेंद्र सिंह, ज्ञान कुमार आदि शामिल थे।

## खलारी कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मना महाशिवरात्रि का त्योहार

# शिवालय में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, अखंड हरिकीर्तन का समापन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में पुरे श्रद्धा व भक्तिभाव से महाशिवरात्री का त्योहार मनाया गया। महाशविरात्री को लेकर क्षेत्र के शिवालयों को फुलों व विद्युत लाईटों से आकर्षक रूप से सजाया गया। सुबह से ही खलारी स्थित श्रीजानकी रमण मंदिर के शिवालय, पहाड़ी मंदिर शिवालय, मोहननगर शिवालय, खलारी बाजारटांड़ शिवालय, करकट्टा शिवालय, धमधमियां नौ नम्बर शिवालय, करकट्टा बस्ती शिवालय, डकरा, सुभाशनगर, चूरी, राय, बमने, चुरी होयर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजन के लिये उमड़ी। क्षेत्र के श्रद्धालु महिला व पुरूषों ने फलाहारी रहकर दुध, बेलपत्र, धतुरा, फल-फूल के साथ पुरे विधि-विधान से मंगल कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ का पुजन किया। दिनभर बोलबम व हर-हर महादेव के जयकारे से खलारी कोयलांचल क्षेत्र के शिवालय गुंजते रहे। वहीं शाम में भगवान शिव को फुल मालाओं से सजाकर श्रृगांर पूजन किया गया। खलारी थाना स्थित शिवालय में शिव-पावर्ती पुजा व शिव-विवाह का भव्य आयोजन किया गया। मौके पर बाहर से आये कीर्तन मंडली ने अपने भजन से पुरे क्षेत्र को शिवमय कर दिया। शिव विवाह के बाद रात में भण्डारे के रूप में सामुहिक भोज का भी आयोजन किया गया। महाशिवरात्री को लेकर पुरा खलारी क्षेत्र भक्तीगीतों से दिनभर गुंजता रहा। इधर डकरा स्थित न्यू मुण्डा टोली बुढ़ी मां मंदिर के समीप षिवालय में एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार ने अपनी धर्मपत्नी के साथ पूजा अर्चना की। साथ ही 24 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन का विधिवत समापन भी हुआ। इस दौरान हवन विसर्जन, आरती, तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

### धूमधाम से निकली भोले बाबा की बारात

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी महावीरनगर अमृतनगर स्थित बाबा अमृतेश्वर धाम शिवालय से भोले बाबा की बारात धूमधाम से निकाली गई। वाहन में शिव पार्वती का वेश बने लोग विराजमान थे। जिसमें बाराती के रूप में भूत पिशाच सहित वानरी सेना का रूप लिए श्रद्धालु नाचते गाते महावीरनगर, केडी बाजार, एसीसी कालोनी होते लोग श्री जानकीरमन मंदिर पहंचे। यहां रूकने के बाद बारात वापस अमृतेश्वरधाम मंदिर पहुंचा। श्री जानकी रमन मंदिर प्रांगण में बारातियों का स्वागत शरबत पिलाकर किया गया। झांकी के लिए भुरकुंडा से विशेष कलाकार आए हुए थे। बारात में भरत प्रजापति, बीरेंद्र गुप्ता, निरंजन केशरी, जगरनाथ गुप्ता, प्रसाद केशरी, ओम केशरी, केबी गुप्ता, रूद्र यज्ञ कमेटी के लोग सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### राय से निकली शिव बारात, चूरी शिव मंदिर में हुआ शिव विवाह

**खलारी (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि को लेकर राय शिव मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई। गाजे-बाजे और भूत पिचास के साथ भगवान शिव की प्रतिमा लेकर हजारों की संख्या में लोग नाचते गाते चूरी शिव मंदिर पहुंचे। इससे पूर्व प्रतिमा का पूरे राय में नगर भ्रमण कराया गया। डीजे की धुन पर महिलाओं और पुरुष नाचते गाते लगातार आतिशबाजी करते रहे। चूरी चैक पर बारात का भव्य स्वागत माला पहनाकर और अबीर गुलाल लगाकर किया गया। शिव मंदिर पहुंचने पर यजमान आरके सिंह और उनकी धर्मपत्नी ने भगवान शिव का परक्षण किया। जिसके बाद प्रतिमा को शिव मंदिर चबूतरा पर माता पार्वती की प्रतिमा के साथ रखा गया। जहां पूरे विधि विधान के साथ राय और चूरी के पुजारी के द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। विवाह संपन्न होने के बाद माता पार्वती की प्रतिमा को विदा किया गया। इस अवसर पर आरके सिंह, कामता सिंह, नंदू विश्वकर्मा, राजीव चटर्जी, सचिन सिंह, शिव प्रसाद चौहान, अनिल जैन, राम प्रताप सिंह, जगदीश सोनी, अमरनाथ साहब, अजय केसरी, रामअवतार गुप्ता, द्वारिका केसरी, राजू गुप्ता, केदार चैरसिया, राजेश महतो, कन्हैया सिंह, भोला पांडे, अजय विश्वकर्मा, संजय विस्वकर्मा, अमित चंद्रवंशी, मनोज कुमार, रंजीत, प्रदीप सिंह, श्याम सिंह, पवन केसरी, अशोक कुमार, सुदर्शन पासवान, अजय सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अन्नपूर्णा देवी का बुंडू में किया गया स्वागत



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी को भाजपा बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास और भाजपा बुंडू ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष धीरेंद्र राम महतो के नेतृत्व में बुंडू मंडल में भव्य स्वागत किया गया मंत्री कुछ देर बुंडू में रुक कर कार्यकताओं से परिचय प्राप्त करते हुए कार्यकताओं से संगठनात्मक चर्चा की साथ ही कहा जब भी मौका मिलेगा बुंडू में रुक कर कार्यकताओं से जरूर मिलूंगी इस अवसर पर प्रदेश पंचायती राज प्रकोष्ठ के सह संयोजक रंजीत लाहेरी मनोज सिंह रेखा देवी अरुण पाल अर्जुन महतो किरण देवी पवन जयसवाल विश्वजीत डे संजय महतो बंटी चौधरी शिवा पंडित आदि उपस्थित थे।

## बुंडू के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को बुंडू के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिवभक्त सुबह से ही स्नान आदि से निर्मित हो फल फूल एवं प्रसाद के साथ शिव शंभू के मंदिरों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को नारियल धतूरा फूल के अलावे बेलपत्र से पूजा अर्चना कर जल एवं दूध से भगवान भोले शंकर और माता पार्वती को अभिषेक किया सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार के अलावे कुंवारी कन्याओं में भी रंग-बिरंगे वस्त्र धारण कर भगवान भोलेनाथ की पूजा कर अपने एवं परिवार के सुख शांति की कामना की बुंडू के थाना मंदिर महावीर मंदिर डामारी मंदिर रानी चूआ शिव मंदिर मंदिर घाट शिव मंदिर के साथ नवरात्रि शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की इस अवसर पर शिव बारात समिति बुंडू द्वारा शिव मंदिर कॉलेज रोड से धूमधाम से बारात निकाली गई जो बुंडू के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए गुजरी बारात में शिव भक्त बाजे गाजे एवं डीजे की धुन पर भूत प्रेत आदि विभिन्न वेशभूषाओं में नाचते गाते चल रहे थे देर रात शिव पार्वती का वरमाला किया गया एवं भोज का आयोजन किया जाएगा शिव बारात में विधायक विकास कुमार मंडा भी शामिल हुए एवं शिव भक्तों का मंगल कामना की मौके पर राज किशोर कुशवाहा रोशन महतो धीरेन राम महतो राम महतो लक्ष्मण महतो सुकरा महतो रंजीत लहरी चंद्र मोहन महतो राजकुमार महतो सुबोध मुखर्जी सुख सारण महतो संतोष महतो निरंजन महतो आदि उपस्थित थे।

## हाइस्कूल नहीं रहने से हो रही परेशानी



**रड़गांव /तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के रड़गांव में हाइ स्कूल नहीं रहने से छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा पाने के लिए काफी दिक्कतें हो रही है। मध्य विद्यालय रड़गाव मे मात्र आठवें तक ही पढाई होती है। जहां 208 नामांकित बच्चे है। जिसमें 170 बच्चे उपस्थित रहते है। यहां मात्र पांच कमरे है और आठ क्लास तक पढाई होती है। मात्र चार शिक्षक है, जिसमें दो शिक्षक उपस्थित थे। आठ किलोमीटर दूर रूगड़ी में हाइ स्कूल है। जहां लड़कियों का जाना संभव नहीं हो पाता है। विद्यालय के शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति नरक जैसी है, यहीं एक कोने मे आंगनबाड़ी सेटर भी चलता है। मुस्लिम बहुल इलाका होने के चलते बच्चियां बाहर जाकर पढाई नहीं कर पाती है। यहां शिक्षा का स्तर काफी निम्न है, वर्ग आठ की बच्चियां पेड़ पौधे कैसे भोजन बनाते है, नहीं बोल पायी, पीने के पानी के लिये बोरिग है, लेकिन उसमें पानी नहीं के बराबर निकलता है। गर्मी में पेयजल संकट होने की संभावना है, यहां के ग्रामीण एक हाइ स्कूल बनाने की मांग किए हैं।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनायी गयी महाशिवरात्रि

# गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य शिव बारात, भारी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को महाशिवरात्रि का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गई। बचरा सहित आसपास के सभी ग्रामीण इलाकों में महाशिवरात्रि का उत्साह देखा गया। जानकारी के अनुसार शनिवार की अहले सुबह से सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ देखी गई। श्रद्धालु भक्त मंदिर प्रांगण जाकर भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना की। दोपहर में पूरे गाजे-बाजे के साथ शिवजी की बारात निकाली गई। बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में लोगों की काफी भीड़ पूजा अर्चना के लिए देखी गई। वहीं बचरा शिव मंदिर में चल रहे 24 घंटे का अखंड कीर्तन का समापन किया गया,जिसके बाद संध्या मे शिव बारात निकाली गई। शिव बारात में काफी संख्या में आसपास के लोग शामिल हुए। शिव बारात पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत बिहार कॉलोनी, माइंर्स कॉलोनी,टीएच कॉलोनी, अशोक विहार कॉलोनी, बचरा चार नंबर चौक, बस स्टैंड चौक, थाना चौक, पटेल चौक, बाजारटांड़ आदि जगहों का भ्रमण किया। जिसके के बाद देर रात को मंदिर प्रांगण में शिव विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर कमेटी के सभी सदस्य शामिल हुए। मंदिर कमेटी के द्वारा सभी श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। कई सीसीएल अधिकारी, श्रमिक प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। इसके अलावा कोयलांचल क्षेत्र के राय शिव मंदिर से भी पूरे गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई।

### बारात में झांकी प्रस्तुत की

कमेटी के द्वारा शिव बारात में झांकी भी प्रस्तुत की गई। शिव बारात में भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई। इसके साथ ही कोयलांचल क्षेत्र के है बेती, किचटो, बहेरा, कारो,कल्याणपुर, चिरैयाटांड़, बिलारी,बचरा बस्ती, हौसीर, पुरानी राय, बमने चुरी सहित अन्य जगहों पर धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई। महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया। पिपरवार पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों के बाहर पुलिस बल के जवानों की तैनाती की गई थी। पिपरवर थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा का व्यापक इंतेजाम किया गया था, साथ ही साथ शरारती तत्व और मनचलों पर कड़ी नजर रखी गई।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## महेशपुर मंदिर से निकली शिव बारात का भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया स्वागत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** महेशपुर मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गयी, जो गांधीग्राम रामदगा होते हुए गेतलसूद बस्ती पंहुची। बाराती में शामिल अनेकों प्रकार के भूत, पिसाच, असूर बन के लोग शामिल थे। इस मौके पर बारातियों का स्वागत करने के लिए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार नेतृत्व कर रहे थे। मौके पर भोला महतो, जीतून महतो, बरुण ठाकुर, वासुदेव गोस्वामी, दुबराज महतो, राजेश लोहरा, संजय नायक, कामेश्वर महतो, अनिल गोस्वामी, सुनील गोस्वामी, सुनील महतो, मुन्ना नायक, गोविंदा नायक और मनोज नायक शामिल थे।

## महाशिवरात्रि पर मनोकामना मंदिर की 13वीं वर्षगांठ पर कलशयात्रा निकाली गयी



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गांवों के शिवालयों में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों ने भक्तिभाव और विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। नगड़ी के स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप स्थित श्री पाण्डूनेश्वर महादेव धाम, देवरी शिव मंदिर में भगवान शिव शंकर को अद्भुत रूप से सजाया गया था। इधर नारो टिकरा टोली स्थित मनोकामना मंदिर की 13वीं वर्षगांठ पर कलशयात्रा निकाली गयी। भगवान भोलेनाथ के जयकारे और धार्मिक गीतों की धुन पर कलश यात्री रानी चुआं पुहंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भर कर वापस मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किये। इसके के बाद शिवपूजन, रुद्राभिषेक, बजरंगबली पूजन एवं शिव श्रृंगार का कार्यक्रम कराया गया। इधर नगड़ी के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में नगड़ी की सामाजिक संस्था पंचमुखी समिति के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अंबाटोली गांव के मारुति मंगल धाम का दरवाजा उखाड़ कर ले गये चोर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के लतरातू पंचायत के अंबा टोली गांव स्थित मारुति मंगल धाम की चारदीवारी में लगे दरवाजा को अज्ञात चोरों द्वारा उखाड़ कर चोरी कर लिया गया है। शनिवार को चारदीवारी में दरवाजा नहीं देख लोगों ने संस्था के पदाधिकारियों को सूचित किया। संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो ने बताया कि कुछ दिनों पहले भी हुनमान चबूतरा को भी तोड़ दिया था। विक्रम महतो का कहना है कि आये दिन हमारे मारुति मंगल धाम में अज्ञात लोगों द्वारा मारुति धाम में क्षति पहुंचायी जी रही है। वहीं पुलिस एक भी वारदात का खुलासा नहीं कर पायी है। उन्होंने पुलिस से आरोपितों की पहचान कर कड़ी कारवाई करने की मांग की है।

## चान्हो में बाघवार अकादमी की 17वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी




**चान्हो (आजाद सिपाही)।** बाघवार अकादमी के प्रांगण में शनिवार को विद्यालय की 17वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि रंजय कुमार चान्हो थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ देकर एवं बैज लगाकर उनका स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मेरी वियानी की प्रधानाचार्या सिस्टर सरोज एवं फादर अल्बर्ट भी उपस्थित थे। इसके पश्चात विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार, प्रधानाचार्य अरुण बाघवार द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में एक अलग ही उमंग देखा गया। स्वागत भाषण विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार के द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि सहित सभी का अभिवादन करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास की बात कही। कार्यक्रम में चान्हो स्थित ब्लाइंड स्कूल के बच्चों ने भी हिस्सा लिया एवं उनके द्वारा प्रस्तुत गानों को सभों ने सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अजय उरांव, हरे कृष्णा सिंह, वरुण सर, मर्सी प्रकाश सर, रानी कुमारी, संगीता एक्का, फरहत जहां, जोलेन सोये, वीणा कुमारी, पिंकी कुमारी, सुमन कुमारी, जीविका टोप्पो, मीनाक्षी कुमारी एवं जूली विश्वकर्मा सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने सभी शिक्षकों की कार्यकुशलता की प्रशंसा की। अंत में विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य के द्वारा सभी शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

## ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक ने मृतका के परिजनों को दी खाद्य सामग्री



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाईक, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता व समाजिक कार्यकर्ता सह शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक के साथ शनिवार को ओरमांझी गांव स्थित मृतक महिला के घर पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। साथ ही उपस्थित गांव वालों के साथ उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गयी। मृतका के पति सुनिल करमाली व परिजनों को क्रियाकर्म के लिए आटा, चावल, तेल व अन्य खाद्य सामग्री सौंपी। इस अवसर पर मुखिया दीपक बड़ाइक संग सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा, युवा भाजपा मंडल महामंत्री आनंद महतो, युवा भाजपा नेता शशि मेहता, युवा समाजसेवी रूपेश कुमार आदि शामिल थे।

**महाशिवरात्रि :** लापुंग के घघारी धाम, गलगली धाम और वनखंडी धाम में महाशिवरात्रि की धूम

# डीजे, नगाड़े, ढाक-शहनाई के साथ निकली भव्य शिव बारात





शिव बारात में शामिल झांकी तथा ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते आते बाराती।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग के ककरिया में महाशिवरात्रि को लेकर शिव बारात निकाली गयी। जिसमें डीजे साउंड, नगाड़े व ढाक शहनाई के साथ नाचते गाते लोग शिव मंदिर पहुंचे। मठ मंदिर से बारात हनुमान मंदिर होते हुए शिव मंदिर पहुंची। वहां सरातियों ने परीक्षण कर बरातियों का स्वागत माला पहना कर किया। झांकी में शिव पार्वती की झांकी निकली गई। प्रदीप सेन व अशोक नायक ने समधी मिलन किया। बारात मंडा टांड़ शिव मंदिर पहुंचकर शिव पार्वती का स्वागत पूजा पाठ कर किया गया। उसके उपरांत शिव पार्वती विवाह किया गया। इस अवसर भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों महिला पुरुष भाग लिये। बाराती समीर गुप्ता, महेश कुमार, देवेंद्र वर्मा, विनोद गुप्ता, सीताराम पाठक, रोहित कुमार, चुनिया राम, महाबीर वर्मा, अमित राम, गगन साहू, बंदे हेरेंज, मौके पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, सराती में अनिल साहू, पूर्व मुखिया गंगाधर साहू, ब्रजबिहारी साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, सुधीर चन्द्र सेन, प्रदीप सेन, बिरेन चन्द्र साहू, विश्वनाथ साहू, दीपक रक्षित, उमेश कुमार, परवीन कुमार, अमित कुमार सुरेश के अलावे अनेक श्रद्धालु भाग लिये। आज ककरिया में संध्या भक्ति कार्यक्रम में कीर्तन का आयोजन किया गया। ककरिया के अलावे घघारी धाम, गलगली धाम, वनखंडी व करूम में शिव रात्रि के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई व शिव बारात, कलश यात्रा शिव बारात की झांकी निकली गयी। इस अवसर पर विशेष पूजा पाठ का आयोजन किया गया।



शिव बारातियों का स्वागत के लिए खड़े सराती पक्ष के लोग।

## बेड़ो में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने की भोलेनाथ की आराधना

**24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन और भंडारे का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना व जलाभिषेक को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्यालय के प्रसिद्ध महादानी मंदिर, मुड़हर पहाड़ व हरिहरपुर जामटोली पहाड़ सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में लोगों ने व्रत रख कर आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा व आराधना की।

वहीं श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद अक्षत, चंदन व बिल्वपत्र आदि से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और मनोवांछित फल की कामना की। प्रातःकाल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर शिवालयों व शिवलिंग को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह हुआ था। मंदिर परिसर में भक्तों की काफी लंबी कतार देखी गई। महापर्व शिवरात्रि में प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना रहा।

इधर 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही संध्या में ढोल,नगाड़े व गाजे -बाजे के साथ भगवान शिव की आकर्षक एवं भव्य बारात निकाली गयी। जो बेड़ो का नगर परिभ्रमण करते हुए महादानी मंदिर परिसर में पहुंचकर एक धार्मिक समारोह में बदल गया।



## अनगड़ा के पुलिस जवान पारसनाथ महतो ने अपनी प्रतिभा का लहराया परचम

**कोलकाता में आयोजित 43वां नेशनल मास्टर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में विभिन्न स्पर्द्धा में दो गोल्ड मेडल और एक कांस्य पदक जीतकर अनगड़ा वासियों को किया गौरवान्वित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** कोलकाता में आयोजित 43वां नेशनल मास्टर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में शानदार प्रर्दशन करते हुए प्रखंड के मासू गांव निवासी पुलिस जवान पारसनाथ महतो ने दो गोल्ड मेडल और एक कांस्य पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि से झारखण्ड प्रदेश के साथ अनगड़ा प्रखंडवासी काफी गौरवान्वित हैं। उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर गांव के साथ प्रखंड का नाम भी रौशन किया है। पारसनाथ महतो ने 10,000 एवं 5,000 मीटर की दौड़ प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल तथा 1500 मीटर में कांस्य पदक जीता है। वर्तमान में पारसनाथ महतो जैप 2 में पदस्थापित हैं। इस शानदार उपलब्धि पर आजसू अनगड़ा प्रखंड समिति अध्यक्ष जगरनाथ महतो कहते हैं कि पारसनाथ बचपन से ही खेलकुद में विशेष रूचि रखते थे। छात्र जीवन में उन्होंने विद्यालय स्तरीय और जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे कई आवार्ड अपने नाम किये हैं। इनका पारिवारिक जीवन भी काफी संघर्षपूर्ण रहा है। कम उम्र में विवाह हो जाने से उनके उपर अचानक ही पारिवारिक जीवन का बोझ आ गया। उन्हें परिवार के भरण-पोषण के लिए दिहाड़ी मजदूर भी बनना पड़ा। परंतु इस बीच खेल के प्रति उनका जो लगाव था वह कभी कम नहीं हुआ और वे निरंतर अभ्यास में लगे रहे तथा सन् 2015 में उनकी पुलिस में बहाली हो गयी।

उनकी इस उपलब्धि पर राजेन्द्र शाही मुण्डा, जलनाथ चौधरी, विरेन्द्र सिंह भोगता, रोशन लाल महतो, ज्योतिष महतो, कारीनाथ महतो, पंकज महतो, जयाप्रभा महतो, मनोज महतो, पारसनाथ उरांव, मुलू महतो, शिवलाल महतो, राजेश महतो, राजेन्द्र महतो, रामवृक्ष महतो, बृजलाल महतो, पारसनाथ महतो, मोहन महतो, रामेश्वर महतो आदि ने बधाई दी है।



**प्रदर्शन :** झामुमो विधायक चमरा लिंडा के खिलाफ भोगता समाज हुआ मुखर

## गोंदलीपोखर चौक में विधायक का पुतला फूंक कर जताया आक्रोश

**गलत बयानबाजी को लेकर भोगता समाज से माफी मांगें विधायक : विरेंद्र सिंह भोगता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झामुमो विधायक चमरा लिंडा द्वारा सार्वजनिक तौर पर भोगता समाज के खिलाफ गलत बयानबाजी किये जाने से भोगता समाज के लोगों में काफी आक्रोश है। गलत बयानी से आहत दर्जनों की संख्या में भोगता समाज के लोगों ने विरेन्द्र सिंह भोगता के नेतृत्व में शनिवार को गोंदलीपोखर चौक पर विधायक चमरा लिंडा का पुतला दहन किया। मौके पर विरेन्द्र सिंह भोगता ने कहा कि विधायक चमरा लिंडा ने सार्वजनिक मंच से भोगता समाज के खिलाफ गलत बयानबाजी की है। इससे समाज के लोगों की भावना को गहरी ठेस पहुंची है। वहीं समाज को अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि विधायक को इस गलत बयान को वापस लेते हुए भोगता समाज से माफी मांगनी चाहिए। चेतावनी दी गयी कि विधायक ने अपना बयान वापस नहीं लिया तो उनके खिलाफ जोरदार आंदोलन चलाया जायेगा।

कार्यक्रम में पंचम भोगता, अजय कुमार भोगता, जगदीश भोगता, शंभुनाथ गंझू, धनेश्वर भोगता, सुनील गंझू, विशंभर भोगता, तिवारी भोगता, प्रकाश गंझू, अजय गंझू, कमलेश कुमार भोगता, संतोष गंझू, सोनालाल भोगता, रूपचंद भोगता आदि शामिल थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### महाशिवरात्रि पर शिवलोक धाम में 50 हजार लोगों ने किया जलाभिषेक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे महारुद्र यज्ञ का समापन शिवरात्रि महोत्सव के साथ हुआ। शिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को पहाड़ पर शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ा। सुबह चार बजे से ही शिवभक्तों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गयी थी। लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। शाम चार बजे तक श्रृद्धालुओं ने पूजा की। ट्रस्ट की ओर से भव्य भंडारा की व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानशंकर जयसवाल, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह शामिल हुए। सफल आयोजन में ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय, सचिव अशोक राय, कोषाध्यक्ष रुद्रेश्वर राय, राजेश वर्मा, दिनेश कुमार सिंह, सूरत राय, भीम राय, गंगा लकड़ा, मनोज राय, नरेंद्र राय, संतोष टोप्पो, संजय सिंह, गोवर्धन राय, मोहन शर्मा, संजय राय, रविन्द्र खंडित, भरत बैठा, मधु राय, बिजेंद्र राय, विजय राय, अनिल वर्मा, मनोज सिंह, कल्लू मुंडा, खुदिया तिर्की, जितेन्द्र मुंडा, विजय लकड़ा, पवन चौरसिया आदि ने सहयोग किया।

### महाशिवरात्रि पर स्वर्णरेखा नाथ महादेव मंदिर में 24 घंटे का अखंड संकीर्तन का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर सिकिदिरी स्थित स्वर्णरेखा नाथ महादेव मंदिर में शनिवार की सुबह 9 बजे से 24 घंटे का अखंड संकीर्तन की शुरुआत की गयी। मंदिर के मुख्य पुजारी टिकेशवरी पांडे ने पूजा-अर्चना कर विधिवत संकीर्तन शुरू कराया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुजीत कुमार, परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा, कार्यपालक अभियंता संजय कुमार सिंह, मंदिर समिति के अध्यक्ष ओपी गुप्ता, सहायक अभियंता संतोष कुमार, समाजसेवी लक्ष्मण प्रसाद सैनी, राजकिशोर सिंह, रमन कुमार, सत्यपाल राउत सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इधर, मंदिर समिति के सचिव उत्तम कुमार दास ने बताया कि हर वर्ष क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि के लिए महाशिवरात्रि के अवसर पर अखंड संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। संकीर्तन में आसपास के गांवों के श्रद्धालु काफी संख्या में भाग लेते हैं। इस अवसर पर सिकिदिरी थाना से शिव बारात निकलकर स्वर्णरेखा नाथ महादेव मंदिर तक पहुंची।

### जोबला घाटी से पुलिस ने नर कंकाल बरामद किया

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी-गोला पथ के जोबला घाटी के अमझरिया के समीप गार्डवाल के नीचे झाड़ी से पुलिस ने शनिवार को एक शव बरामद किया है। शव इतना अधिक सड़ा हुआ था कि सिर्फ कंकाल बचा हुआ था। पता ही नहीं चला कि शव पुरुष का है या महिला का है। बैल-बकरी चरा रहे चरवाहों को काफी बदबू महसूस हुई। सामने जाने पर देखा कि झाड़ी में पूरी तरह से सड़ा हुआ एक कंकाल नुमा शव पड़ा हुआ है। चरवाहों ने इसकी सूचना बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुधीर मंगलेश को दी। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर शव अपने कब्जे में ले लिया। आशंका जतायी गयी है कि बहुत पहले अन्यत्र हत्या कर यहां शव को फेंक दिया गया होगा।

### समाजसेवी जयराम ठाकुर की माता के निधन पर शोक व्यक्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम तेतरी टोली दुबे कॉलोनी निवासी सह समाजसेवी जयराम ठाकुर की माता गांगो देवी 95 का निधन शनिवार सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्वर्णरेखा नदी मुक्तिधाम घाट पर किया गया। छोटे बेटे संत कुमार ठाकुर ने मुखाग्नि दी। गांगो देवी एक महीने से गंभीर रोग से पीड़ित थीं। जिनका इलाज रांची स्थित सेम फोर्ड अस्पताल में चल रहा था। गांगो देवी ने अपने आवास पर शनिवार सुबह 3 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन पर बड़े बेटे जयराम ठाकुर से मिलकर वार्ड 47 की प्रार्षद कविता सांगा, किरण सांगा, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, महेश ठाकुर, रघुवीर ठाकुर, नवल थापा, सुनील मुंडा, बादल सांगा सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### द्वारिका हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एनथोनी किसकु, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ पीआर बाखला, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ टीजे मिंज, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एसके यादव, जेनेरल फिजिशियन डॉ एसके सोनू मरीजों की निशुल्क जांच करेंगे। साथ ही ईसीजी, ब्लड सुगर, बीपी आदि की जांच होगी। आवश्यकतानुसार अन्य जांच रियायती दर पर होगी।

### शिवसेना को चुनाव चिन्ह मिलने पर दीपक सिंह ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को दी बधाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** बाला साहेब ठाकरे की विचारधारा पर चलने वाली शिवसेना, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को चुनाव आयोग द्वारा नाम और चुनाव चिन्ह धनुष तीर कमान मिलने पर शिवसेना झारखंड के शिवसैनिकों में हर्ष व्याप्त है। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को चुनाव आयोग द्वारा धनुष तीर कमान मिलने पर शिवसेना के झारखंड प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह ने कहा कि ये एकनाथ शिंदे की नहीं बल्कि ये सत्य की जीत हुई है। लोकशाही की जीत है। बाला साहेब के विचारों की जीत है और तमाम उन लोगों की जीत है जो बालासाहब ठाकरे के विचारों को आदर्श मानते हैं और उनके नक्शे कदम पर चल रहे हों। दीपक सिंह ने शिवसेना मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को चुनाव आयोग द्वारा नाम और चुनाव चिन्ह धनुष तीर कमान मिलने पर शुभकामनाएं दी हैं।

### पुलिस चौकस, हालत सामान्य, रविवार से इंटरनेट सेवा शुरू होगी

# पलामू में नहीं निकली शिव बारात

**महाशिवरात्रि के अवसर पर लगभग नहीं के बराबर श्रद्धालु मंदिर पहुंचे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी में महाशिवरात्रि पर तोरणद्वार बनाने को लेकर 15 फरवरी को दो समुदायों के बीच हुई हिंसा के बाद से चौथे दिन शनिवार को भी धारा 144 लागू है। इंटरनेट बंद है। हालांकि स्थिति सामान्य है। पुलिस पूरी तरह चौकस है। इसके बाद भी यहां वर्षों की पुरानी परंपरा कायम नहीं रह सकी। शिव बारात नहीं निकाली जा सकी।

पांकी सहित आसपास के इलाके में महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले नहीं लगे। पांकी के शिव मंदिर में एक साथ मात्र पांच लोगों को ही पूजा के लिए अंदर जाने की अनुमति दी गयी। महाशिवरात्रि के अवसर पर लगभग नहीं के बराबर श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

पलामू डीसी ए दोड्डे ने बताया कि रविवार से इंटरनेट सेवा शुरू हो जाएगी, स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह 12 बजे से शांति समिति की बैठक होगी। पांकी में हालत सामान्य है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले में उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मामले में अब तक 18 लोग गिरफ्तार हुए हैं। हिंसा के बाद 13 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया था जबकि पांच उपद्रवियों को बाद में गिरफ्तार किया गया है। पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। रैप के जवान व महिला पुलिस बल भी अलग-अलग टुकड़ियों में तैनात हैं।

चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह शनिवार को पलामू पहुंचे। वहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पांकी की निंदनीय घटना के बाद राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। ये प्रशासनिक चूक है। उसे छिपाने के लिए ये सब हो रहा है। अब उसे छिपाने के लिए ये सब हो रहा है। लोगों को मंदिर जाने से रोका जा रहा है। विधायक ने कहा कि कई वर्षों के बाद पांकी में शिव बारात नहीं निकली है। यह मायूस करने वाला है।

पांकी की घटना में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पिछले चार दिनों से पलामू में इंटरनेट सेवा उपलब्ध नहीं है।उम्मीद की जा रही है कि 19 फरवरी से इंटरनेट सेवा बहाल हो जायेगी। इधर, इंटरनेट सेवा नहीं रहने से बैंकिंग, रेलवे टिकट व अन्य कई जरूरी सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ा है। नेट बैंकिंग नहीं होने से बाजार की खरीद-बिक्री में भी काफी परेशानी हो रही है। कुछ निजी कंपनी के कर्मचारी बेतला व गढ़वा बॉर्डर पर पेड़ के नीचे अस्थाई कार्यालय बनाकर काम कर रहे हैं।

## शव यात्रा में जा रहे लोगों पर मधुमक्खियों का हमला, दो गंभीर

**जिससे एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद क्षेत्र के जपला देवरी मुख्य रोड के कुसुआ मोड़ के समीप मधुमक्खियों के हमलें में शव यात्रा में जा रहे एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें दो लोगों को क्रमशः रामदेनी सिंह और सीता राम सिंह को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जबकि अन्य लोगों का इलाज हुसैनाबाद में चल रहा है। समाचार के अनुसार पचंबा गांव निवासी बिनय सिंह की माता कलावती कुंवर की देवरी सोन के मुक्ति धाम श्मशान घाट पर शव जलाने जा रहे थे। जहां कुसुआ गांव के समीप अचानक मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। जिससे एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य घायलों में सीता राम सिंह, रामप्रसाद सिंह,रामदेनी सिंह,कमला सिंह,, लवकुश सिंह,रामजी सिंह,गोलू सिंह, राजेंद्र सिंह, त्रिलोकी तिवारी, अभिषेक कुमार आदि लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि शव जलाने देवरी सोन नदी में जा रहे थे, वहीं बच्चे लोग पत्थर से बैर झार रहे थे, वहीं पेड़ में मधुमक्खी था। और उसी समय लोग जा रहे थे,जो मधुमक्खी की चपेट में आ गए। कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गया। और लोग शव छोड़ कर भागने लगे। उधर घायलों को देखने के लिए स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह अस्पताल पहुंच कर हाल जानें और चिकित्सक को समुचित इलाज करने को कहा।

### महाशिवरात्रि अखंड कीर्तन भक्ति व श्रद्धा के साथ संपन्न

## महाशिवरात्रि पर हर-हर महादेव की जयघोष से गुंजित रहा हुसैनाबाद क्षेत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ भगवान महादेव की पूजा अर्चना की।इस अवसर पर शिवमंदिरों में सुबह से ही पूजा का दौर जारी रहा। शहर के जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया।मौके पर आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन, राजेश्वर सिंह,एसआई निशांत कुमार, अजय कुमार चौधरी, विजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, शिवराज साह, अनवर हुसैन, सहाबुद्दीन अंसारी, अजित कुमार गुप्ता आदि समेत कई लोगों का सहयोग सराहनीय रहा। लंगरकोट गांव के श्रद्धालुओं ने मुरली पहाड़ी पर अवस्थित महाकालेश्वर शिव धाम परिसर में कलश यात्रा मे सैकड़ों महिला, पुरुषों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी किया और शिवलिगं पर जलाभिषेक किया।जेपी चौक स्थित विराट होटल के प्रोपराइटर प्रवीण सिंह के सौजन्य से प्रसाद वितरण किया गया।मेला पर दोगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर व मेला में श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,उप प्रमुख इंदु देवी ने मेला परिसर में भक्ति से मिली शक्ति का प्रयोग समाजहित में करने की बात कही। वहीं हुसैनाबाद थाना परिसर में अवस्थित शिव मंदिर में थाना प्रभारी जगरनाथ धान के द्वारा उल्लास पूर्वक पूजा अर्चना की गई। लंगरकोट पहाड़ी पर मंहत विनय कुमार सिहं त्यागी के देखरेख में पूजा अर्चना की गई।साथ ही शहर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस मौके पर बाबू लाल पाठक, राहुल कुमार, एएसआई शैलेन्द्र सिंह, दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा,देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम, एसडीपीओ के रीडर अशोक कुमार,सुभाष कुमार, समाजसेवी पवन चौधरी समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## हरिहरगंज में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव का किया जलाभिषेक

**भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों का तांता लगा रहा**





आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** महाशिवरात्रि पर शनिवार को हरिहरगंज शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव का जलाभिषेक किया। सुबह से ही सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी जगह श्रद्धालु भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते नजर आए। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा के मद्देनजर थाना सुरक्षा सह गस्ती पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण के निगरानी में 9 जगहों पर 30 प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की तैनाती रही। इस दौरान हरिहरगंज शहर के शिव मंदिर ठाकुरबाड़ी में अंचल पदाधिकारी बांसुदेव राय, बीपीएम मुकेश कुमार, शिव शंकर चौधरी, मछली गली में सीआई प्रगति प्रकाश, विनोद कुमार सिंह, मिथलेश पासवान, धोबी मुहल्ले में अशोक कुमार, पंकज चौधरी, विध्या सागर, अररुआ खुर्द शिव मंदिर में बीपीओ धर्मेन्द्र कुमार, चंदन कुमार, अजित कुमार, बेलौदर में जेई संतोष कुमार, संतोष उरांव, राकेश कुमार, महावीर मंदिर में विनोद कुमार रवि, दिलीप चन्द्रवंशी, प्रवीण तिर्की आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## चेन पुलिंग करते 5 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आरपीएफ के जवानों ने हैदरनगर स्टेशन के समीप चैन पुलिंग करते 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धराये लोगों में हैदरनगर के मुकेश कुमार, अनुजय पासवान, कुंदन कुमार, अर्जुन राम व रफीगंज के सूरज कुमार शामिल हैं। इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ जपला पोस्ट के इंस्पेक्टर राकेश रंजन ने बताया कि उक्त सभी रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन संख्या 18635 रांची-सासाराम इंटरसिटी में चेन पुलिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चेन पुलिंग करनेवाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यात्रियों से नियमों का अनुपालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप में सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार शाहनी, हेड कांस्टेबल रामशंकर सिंह, विपिन कुमार यादव, शहाबुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

### शिव बारात में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## कई स्थानों पर बारातियों का हुआ स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** महाशिवरात्रि पर सिमा क्षेत्र के कुटुम्बा थाना अंतर्गत पीपरा बगाही शिव मंदिर से शनिवार को शिव बारात निकाली गई। इस दौरान संडा एनएच 98 होते हरिहरगंज पहुंची। जहां भाजपा मंडल इकाई सहित कई शिव भक्तों ने शिव बारातियों के लिए भोजन का प्रबंध कराया। जिसके बाद अररुआ मोड़ से बारात निकल कर सब्जी बाजार दुर्गा मंदिर होते हुए महराजगंज दुर्गा मंदिर पहुंची।वहीं ठाकुरवाड़ी प्रबंधक के द्वारा शिव बारातियों का स्वागत किया गया। जिसके बाद विधि विधान से शिव-पार्वती की विवाह संपन्न कराया गया। बारातियों का स्वागत करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन जयसवाल, मंडल महामंत्री सन्नी गुप्ता, करण राजवीर, अमित कुमार, अशोक सिंह, शंकर प्रसाद, अरुण स्वर्णकार, दिलीप सिंह, सोनू कुमार सहित सैकड़ो शिव भक्त शामिल थे।

### झारखंड में मील के नीचे तहखाने में बनती थी शराब

## उत्पाद विभाग की कार्रवाई में हुआ खुलासा, 75 लाख की शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** झारखंड और बिहार की सीमा पर स्थित पलामू जिला में उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को छापामारी कर 75 लाख रुपये मूल्य की शराब और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली स्पिरिट जब्त की है. उत्पाद विभाग की टीम जब कार्रवाई करने के लिए बभनडीह गांव पहुंची, तो उसकी आंखें खुली रह गयीं. मिल के नीचे तहखाने में शराब की फैक्ट्री चल रही थी. टीम ने यहां से 220 लीटर के 40 ड्रम और 40 लीटर के 20 ड्रम बरामद किये हैं. तैयार शराब की करीब 400 पेटियां बरामद हुईं हैं.



**शराब की बोतलों पर लगे हैं गोवा के स्टिकर**

उत्पाद विभाग की ओर से बताया गया है कि तैयार शराब की बोतलों पर गोवा के स्टिकर लगे हैं. दरअसल, शनिवार को पलामू के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग के किनारे स्थित बभनडीह गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी की. यहां ललन यादव नामक व्यक्ति एक मिल चलाता है. उसी मिल के नीचे तहखाने में शराब बनाने का धंधा चल रहा था. उत्पाद विभाग की टीम ने वहां से कच्चा और तैयार माल जब्त कर लिया है. हालांकि, किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है.

## बिहार के इंटरनेट का हुसैनाबाद में युवाओं ने उठाया लाभ

**उक्त कारण पलामूवासियों को नेट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।**




आजाद सिपाही संवाददता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी सोन नदी किनारे युवाओं का इंटरनेट सेवा को लेकर जमावड़ा लग रहा है। मालूम हो कि पलामू जिला के पांकी की घटना को पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी सोन नदी किनारे युवाओं का इंटरनेट सेवा को लेकर जमावड़ा लग रहा है। मालूम हो कि पलामू जिला के पांकी की घटना को देखते हुए इंटरनेट सेवा बंद की गयी है। उक्त कारण पलामूवासियों को नेट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उक्त वजह से पलामू के देवरी के सोन नदी के किनारे युवा पहुंचकर बिहार के रोहतास जिले का नेटवर्क का उपयोग कर रहे हैं। अधिसंख्य लोग इसका इस्तेमाल शाम को कर रहे हैं।

## तीन साल की बच्ची को जंगली जानवर ने नोंचा

**गया।** झारखंड और बिहार की सीमा पर चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में कोबना गांव की तीन साल की सोनी पर रात किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिसमें मासूम बुरी तरह जख्मी हो गई। बच्ची पर जंगली जानवर ने तब हमला कर दिया, जब वह शौच के लिए वह घर से बाहर निकली थी। उसके गहरे जख्म भी बता रहे हैं कि वह किसी जंगली जानवर का ही शिकार हुई है।

## नेपाल के क्रिकेटर संदीप लामिछाने के खिलाफ फील्ड पर विरोध

**किर्तिपुर (नेपाल)।** स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने तीन विकेट से हार के बाद नेपाल के संदीप लामिछाने से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। मैच कीर्तिपुर में नेपाल और स्कॉटलैंड के बीच आइसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में खेला गया। इस दौरान पूरे मैच में लामिछाने के खिलाफ दूसरी टीम के प्लेयर्स में विरोध था, क्योंकि नेपाल क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने पर दुष्कर्म का आरोप लगा था। एक 17 साल की नाबालिग युवती ने उन पर आरोप लगाया था। फिलहाल वे जमानत पर बाहर हैं।

### नेपाल क्रिकेट ने खेलने की अनुमति दी

क्रिकेट एसोसिएशन नेपाल ने लामिछाने को फिर खेलने की अनुमति दे दी है। हालांकि उनसे कप्तानी छीन ली गई है। इस मामले में आइसीसी भी चुप्पी साधे बैठा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्कॉटलैंड के खिलाडियों ने पहले ही लामिछाने को विरोध के बारे में अवगत कर दिया था। सितम्बर 2022 में कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलते समय लामिछाने के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। इसके बाद उनके काठमांडू लौटने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

**लामिछाने 3 विकेट लिए**

वनडे मैच में स्कॉटलैंड को नेपाल ने 3 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 9 विकेट खो कर 279 रन का लक्ष्य दिया। सांतवें नंबर पर आए माइकल लिस्क ने शतक लगाया और 107 रन बनाए। वहीं नेपाल की ओर से लामिछाने ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नेपाल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 47 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। नेपाल का अगला मुकाबला शनिवार को नामीबिया से होगा।

**आइपीएल में ले चुके हैं 13 विकेट**

संदीप लेग स्पिनर हैं। वे आइपीएल खेलने वाले नेपाल के पहले खिलाड़ी बने हैं। लामिछाने आइपीएलके 9 मुकाबलों में 13 विकेट चटका चुके हैं। लामिछाने ने साल 2018 में दिल्ली की ओर से भारतीय लीग में डेब्यू किया था। 2016 के अंडर-19 वर्ल्ड कप में संदीप ने शानदार प्रदर्शन किया था। तब नेपाल की टीम वर्ल्ड कप के 8वें नंबर पर रही थी।

### दिल्ली टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया हावी:62 रन की बढ़त हासिल की

## 9 विकेट बाकी; भारत की पहली पारी 262 पर सिमटी




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 1 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरे दिन स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 61 रन बना लिए हैं। ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन नाबाद हैं। मेहमानों की कुल बढ़त 62 रन पहुंच चुकी है।

इससे पहले, भारतीय टीम पहली पारी में 262 रन पर ऑलआउट हो गई। एक समय भारतीय टीम 139 रन के स्कोर पर 7 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद अक्षर पटेल (74) और रविचंद्रन अश्विन (37) ने 8वें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी कर भारत को मुकाबले में वापस ला दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 263 रन बनाए थे। **केएल राहुल फिर फेल**

दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर शनिवार को मुकाबले के दूसरे दिन भारत ने 21/0 के स्कोर से दूसरे दिन की शुरूआत की। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 13 और केएल राहुल 4 रन के निजी स्कोर के साथ दिन की शुरूआत करने उतरे। दोनों पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़ते हुए ड्रिंक्स तक का समय निकाला। फिर शुरू हुआ नाथन लायन का खेल। उन्होंने राहुल को 17 रन पर चलता किया। **लंच तक गंवा दिए थे 4 विकेट :** लंच से पहले तक टीम इंडिया ने 88 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में कोहली ने जडेजा के साथ अर्धशतकीय साझेदारी कर पतझड़ को रोका, लेकिन वे खुद एक विवादास्पद फैसले के कारण 44 पर आउट हुए।

## हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजा कोयलांचल

# शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़





आजाद सिपाही

**धनबाद ।** धनबाद बाबा भोलेनाथ की जय हो, हर हर महादेव, बम बम भोले के उद्घोष से गुंजायन रहा धनबाद। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार की सुबह से ही जिले के सभी शिवालयों में पूजन हेतु शिवभक्त श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिले के दर्जनो प्रमुख मंदिरों में आकर्षक साजो सज्जा व धार्मिक अनुष्ठान के साथ 24घंटे के अंखड हरिकिर्तन का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारो की संख्या महिलाओं के साथ पुरूष श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी रही। श्रद्धालुओं के द्वारा भोलेनाथ व हरे रामा हरे कृष्णा की जय जयकार से जिले हर इलाका गुंजायन रहा। संध्या में भगवान शिव और माता पार्वती विवाह को लेकर जिले के दर्जनों मंदिरों से निकले शिव बारात ने अलौकिक रूप प्रदर्शित किया। निरसा क्षेत्र के मुगमा शिवडांगल, मुगमा रोड, मुगमा स्टेशन, गल्फरबाडी, एग्यारकुंड, कुमारधुबी, चिरकुंडा सहित पूरे निरसा क्षेत्र के शिवालयों में महाशिवरात्रि की धूम मची रही वही सिन्दरी व बलियापुर क्षेत्र के घडबड, शिवपुर, दुधिया, दौलाबड, चालधवा, प्रधानखंटा, सिन्दुरपुर, सापटा, ढोखरा, बलियापुर, समलापुर, कुसमाटांड, अलकडीहा, निपनिया आदि क्षेत्र स्थित मंदिरों में शिवभक्तो का मेला लगा रहा। शिवभक्तो ने जल, दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा, पुष्प से बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया,वही कई मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।

### अनूठी है अलकडीहधाम की आस्था

झरिया के तिसरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले बाबा भोलेनाथ का अलकडीहाधाम। ये मंदिर लगभग 296 वर्ष पुराना है। अलकडीहा धाम झरिया मुख्य मार्ग से लगभग 3 से 4 किलोमीटर दूर है और बलियापुर प्रखंड से इसकी दूरी लगभग 6 किलोमीटर है। बावजूद इसके लोग इस मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन पूजा अर्चना करने के लिए हजारों हजार की संख्या में पहुंच रहे हैं।आचार्य संदीप शास्त्री ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार इस मंदिर में झारखण्ड के साथ बिहार के भक्तों की भी मन्नतें पूरी हुई है। जिसके कारण इस मंदिर की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। भगवान भोलेनाथ की बाराती में देवताओं के रुप में स्थानीय नवयुवक सज धज कर बारात में शामिल हुए निरसा क्षेत्र के सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने के लिए शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।






## झरिया के शिवालयों में महाशिवरात्रि की धूम

**झरिया के कतरास मोड़, चौथाई कुल्ही, शिवनगर मोटिया पट्टी, बोर्रागढ, खास झरिया, शिमलाबहाल, आदर्शनगर, सिंहनगर, धनसार, बस्ताकोला, भगतडीह, ऐना, बोरापट्टी, जयरामपुर, तिसरा, जोरापोखर, डिगवाडिह, कालीमेला, जामाडोबा, जीतपूर, भौरा, धनुडीह, लोदना आदि क्षेत्रों में महाशिवरात्रि की धूम मची रही शिवभक्त शिव की भक्तिरस में रमे रहे।**

## प्रबंधन की लापरवाही पर भाजपा नेता ने जताया विरोध



**सिंदरी(आजाद सिपाही)।** सिंदरी के रोहड़ा बांध स्थित पानी टंकी वाला स्वास्थ्य केंद्र में हर्ल प्रबंधन के रखे गए ठेकेदार द्वारा करीब डेढ़ सौ फीट की उचाइ पर लापरवाही बरतते हुए बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के मजदूरों से रंग रोगन जैसा कार्य कराया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। इसका विरोध भाजपा के सिंदरी नगर मंत्री बिजय कुमार नाहा ने व्यक्तिगत तौर पर शनिवार को अपना सिर मुंडन करवा कर किया। नाहा ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हर्ल प्रबंधन द्वारा करीब डेढ़ सौ फीट की ऊंचाई पर मजदूरों से सेफ्टी बेल्ट, जूता व हेलमेट जैसे सुरक्षा उपकरण के बिना कार्य कराया जा रहा है. ऐसे में कोई मजदूर दुर्घटना का शिकार होता है तो उसका जिम्मेवार कौन होगा ? जब इस संबंध में बात करने गया तो पदाधिकारीयों से मिलने नहीं दिया गया। फोन करने पर उन लोगों ने फोन भी नहीं उठाया। आगे कहा कि चालू होने से पहले ही प्रबंधन की लापरवाही से प्लांट में तीन मजदूरों की मौत हो चुकी है. मुआवजे के तौर पर लाखों रुपए देने पड़े हैं. विरोध का सामना भी करना पड़ा है कार्य भी प्रभावित हुए है।

## झरिया के बस्ताकोला में 23 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही



**धनसार ।** झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला चौहान बस्ती में शुक्रवार की देर रात 23 वर्षीय युवक चंदन चौहान ने रस्सी का फंदा बनाकर अपने घर में आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना क्षेत्र में जंगल में आग की तरह फैल गयी । स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना झरिया पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा कर शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया व मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी । चंदन चौहान ने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि पिता सत्येंद्र चौहान समेत समस्त घरवाले कतरास सिजुआ तिलक समारोह में अपने किसी परिवार के यहां गए हुए थे। घर में चंदन अकेला था। वहीं स्थानीय लोगों ने घरवालों को घटना की सूचना दिया। जिसके बाद चंदन के घरवाले घर पहुंचे। चंदन के पिता सतेंद्र चौहान प्राइवेट चालक हैं। मृतक के परिजनों का रो- रोकर बूरा हाल हैं। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि चंदन हाल ही में रांची से परीक्षा देकर यहां पहुंचा था।

## पुलिस पदाधिकारियों का लोयाबाद थाने में हुआ अभिनंदन

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद थाना में पदस्थापित साक्षर सिपाही लालधारी रजक और रामू पासवान की पदोन्नती सहायक अवर निरिक्षक के पद पर हो गई है। शनिवार को लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव व अन्य पदाधिकारियो ने पदोन्नत दोनो पुलिस ऑफिसर को स्टार लगाकर अभिनंदन किया। इस दौरान थाने मे मिठाई बांटी गई।



## विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के अंतर- विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन राजन प्रसाद द्वारा किया गया। इस मौके पर महाप्रबन्धक संपर्क एवं प्रशासन एन ए सैफी, महाप्रबन्धक नगर प्रशासन ए के अविनाश, वरीय प्रबन्धक क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं इत्यादि उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट में चार ग्रुप में बीएसएल के अलग-अलग विभागों के कुल 16 टीम भाग ले रहें हैं। 18 फरवरी को आयोजित मैचों में आयरन जोन ने मिल्स-02 की टीम को 8 विकेट से पराजित किया जबकि एक अन्य मैच में एसआरयू की टीम ने प्रोजेक्ट्स-फाइनेंस की टीम को 4 विकेट से पराजित किया।



## अपराधियों के निशाने पर बांसजोड़ा कोलियरी, दो स्थानों पर दिया घटना को अंजाम

# लाखों की संपत्ति चुरा ले भागे, पुलिस से शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** बांसजोड़ा कोलियरी को अपराधी लगातार निशाना बना रहा है। शुक्रवार की रात दो जगह पर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। दोनों घटना में करीब एक लाख की संपत्ति ले भागे। पहली घटना बांसजोड़ा सेंट्रल गोदाम में फिर सेंधमारी की गई ।लगातार अपराधियों का गोदाम में यह चौथी रात धावा बोला गया है। रात की घटना में गोदाम से बिजली के पार्ट पुर्जे पर हाथ साफ कर दिया। प्रबन्धन 50 हजार के करीब अनुमनित मुल्य आंकते हुए पुलिस को शिकायत की है ।वही दूसरी घटना बांसजोड़ा छह नंबर भूमिगत खदान के पास स्वीच रूम से स्वीच की चोरी की गई, स्वीच की कीमत भी 50 हजार आंकी गई है। दोनों घटना का एक आवेदन में शिकायत की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।बताया जाता है कि बांसजोड़ा साइडिंग में सेंट्रल पोल के नाम से पुराना गोदाम है ,बिजली सामग्री सहित अन्य चीजें स्टोर रहती है। रात में परियोजना में ब्रेक डाउन पर गोदाम से सामान लेकर मरम्मति की जाती है। अपराधियों को इस गोदाम में बिजली के तांबा, पीतल, केबुल तार, पार्ट पूर्जे रखा होने की भनक लग गए, तब से अपराधी गोदाम को निशाना बना रहा है।

### बांसजोड़ा कोलियरी की सुरक्षा राम भरोसे

बांसजोड़ा कोलियरी में लगातार चौथी घटना के बाद भी सुरक्षा का का कोई इंतजाम नही किया गया है। मजदूर डरे हुए हैं। तीसरी रात घटना के बाद तीन मजदूर की हाजरी काट दी गई थी,हालांकि उसे फिर से बहाल कर लिया गया। शुक्रवार को सेंट्रल पोल गोदाम में खिड़की दरवाजे और दिवार रिपेयर के बाद भी नई जगह पर सेंधमारी किया गया है,हालांकि शनिवार सुबह सेंधमारी को फिर रिपेयर किया गया है।

### तीन मजदूरों के भरोसे गोदाम

सेंट्रल पोल गोदाम में करीब 50 लाख का स्टॉक रहता है। बिजली के कल पुर्जे,कुछ लोहा स्क्रैप, स्वीच,केबुल और हाईटेंशन तार हर वक्त मौजूद रहता है। कुल 40 मजदूर यहां ड्यूटी होती है। प्रथम पाली में 30 और दूसरी पाली 7 और रात में मात्र तीन मजदूरों की ड्यूटी होती है। मजदूर यहां पर सीआईएसएफ तैनात की मांग कर रहा है। हालांकि सीआइएसएफ साइडिंग में तैनात रहता है, लेकिन गोदाम की सुरक्षा सीआइएसएफ की जिम्मे नहीं दी गई है।

### सुरक्षा के लिए गार्ड नही है: प्रबंधक

इस संबंध में बांसजोड़ा कोलियरी प्रबंधक सुनील कुमार दास ने कहा कि मेरे पास गार्ड के पद पर कार्यरत कर्मी नही है। मजदूर से ही गार्ड का काम ले रहे है। सीआईएसएफ की पोस्टिंग भी नही है। रात दो जगहों पर घटना हुई है। पुलिस को एफआईआर के लिए शिकायत भेजा गया है।

## श्रमिक कॉलोनी के बंद आवास में लगी आग



**कतरास (आजाद सिपाही)।** मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी स्थित एक बन्द आवास मे शनिवार को लगभग 11 बजे अचानक आग लगने की खबर पाकर कॉलोनी मे भय का माहौल उत्पन्न हो गयी। आग लगने की खबर पाकर मौके पर बरोरा पुलिस ने बीसीसीएल के अग्निशामक वाहन को बुला लिया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और कोई हताहत नही हुआ। बन्द आवास मे कोई भी नही रहता था। स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन ने उस आवास में ताला लगा कर रखा हुआ है। उक्त आवास का बिजली कनेक्शन भी बीसीसीएल प्रबंधन ने काटकर रखा है। फिर भी बन्द आवास के अन्दर आग कैसे लगी यह आश्चर्य की बात है। बन्द आवास के कुछ पुराने फर्निचर, गदा व एक टीवी रखा हुआ था जो पूरी तरह से जल गया है। आग लगने की खबर पर बरोरा थाना प्रभारी निरज कुमार अपने दलबल के साथ पहुंचे और बीसीसीएल के अग्निशामक वाहन तथा कॉलोनी वासियों के सहयोग से तुरंत आग पर काबू प्राप्त कर लिया जिससे एक बड़ी घटनाक्रम होने से बच गयी।

## खबरें रामगढ़ की

### सोसोकला में दर्जनों युवाओं ने थामा झारखंड पार्टी का दामन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सोसोकला में झारखंड पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई। मौके पर पार्टी के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो, अध्यक्ष अजित कुमार, उपाध्यक्ष एलेस्टर बोदरा, प्रधान महासचिव अशोक भगत उपस्थित थे। मौके पर नीता देवी(पूर्व उप मुखिया), राय समाज के मुनाफ राय,दिलशाद राय,तौफीक राय,इमरान हुसैन राय,हाशिम राय, हैदर राय, दियानत राय, शाहिल राय, गुलाम मोहम्मद राय, हकीम राय,राजू महतो, प्रेमचंद महतो,राहुल चौधरी, डेमु महतो, चामु मुंडा, गुलाब रविदास,अभय भूषण मुंडा, टिंकू कुमार, बदरू राय,कुंदन पाहन, गुल्फाम राय, सुभाष महतो, सुमन रविदास, जियाउल्लाह अंसारी एवं अन्य ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर सभी ग्रामीणों ने झारखण्ड पार्टी को इस बार प्रचण्ड बहुमत से जीताने की बात कही। साथ ही पिछले विधायकों के खिलाफ वादाखिलाफी करने और क्षेत्र में भय भूख भ्रष्टाचार फैलाने के अलावा कुछ नहीं किया है। स्वार्थ में डूबे हुए नेता अब रामगढ़ की जनता की नहीं चाहिए बल्कि सकारात्मक,विकासात्मक और रचनात्मक नीति निर्माण के लिए संकल्पित युवा शिक्षित नेता चाहिए जो कि सिर्फ.संतोष कुमार महतो दिखायी देते हैं। विगत दस सालों से निःस्वार्थ भाव से क्षेत्र में शिक्षा रोजगार और सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं और युवाओं किसानों मजदूरों के हक और सुविधाओं के लिए लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं!झारखण्ड पार्टी की इस उपचुनाव में जीत निश्चित है।

### धार्मिक अनुष्ठान से शुद्ध होता है वातावरण: सुनीता चौधरी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्राचीन शिव मंदिर कैथा में महाशिवरात्रि पूजा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। महाशिवरात्रि को लेकर अहले सुबह से ही मंदिर में शिवभक्तों का तांता लगा रहा ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा सुनीता चौधरी ने कैथा प्राचीन शिव मंदिर पहूंच भगवान शंकर का पूजन कर महाशिवरात्रि पूजन के महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत किया। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ भक्तों के दुख हरते हैं। भगवान शंकर की भक्तो के प्रति अगाध कृपालु हैं। विविधता में एकता और सामंजस्य स्थापित करना उनके चरित्र से हम सीखते हैं। सुनिता चौधरी ने भगवान शंकर से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और समृद्धि की कामना किया। वहीं बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी ने कहा कि कहा कि भगवान शंकर दयानिधान हैं उन्होंने अनेकानेक बार सृष्टि का संरक्षण किया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हम सभी सात्विकता को आत्मसात करें। मानवता और परोपकार को चरित्र बनाएं। महाशिवरात्रि मेला आयोजन को लेकर उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया। वार्ड पार्षद श्री देवधारी महतो ने कहा कि भगवान शिव भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। उन्होंने सच्चे हृदय से ईश्वर की आराधना करने और उत्सव मनाने की बात कही ।इस अवसर पर अतिथियों ने खीर महाभोग का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया ।इस अवसर पर दिन के समय में जागरण और रात्रि पहर में हरि कीर्तन का आयोजन किया। आयोजन को लेकर आयोजन समिति व मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि कैथा प्राचीन शिव मंदिर में प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है ।बड़ी तादाद में भक्त जुटते हैं और भगवान के दर्शन और पूजन कर मनोरथ की प्राप्ति करते हैं। इस अवसर पर आयोजित समिति सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद 26 देवधारी महतो,उपाध्यक्ष रतन राम महतो,डिया महतो रामप्रकाश महतो,संजय करमाली,परमेश्वर महतो,माधव करमाली,रतन लाल महतो,सहसचिव अजय आस्था,संजय महतो,परितोष चटर्जी,अमित दास,छोटे लाल महतो,सतीश कुमार आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे

### महाशिवरात्रि पर शिव मय हुआ रामगढ़

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि को लेकर शहर के विभिन्न शिवालय मंदिरों में शनिवार की अहले सुबह से ही पूजा अर्चना व अभिषेक को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने व्रत रखकर विभिन्न शिवालयों मंदिरों व यत्र तत्र स्थापित शिव चबूतरों पर आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा आराधना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। उसके बाद अक्षत चंदन बिल्वपत्र आदि से पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल का वरदान मांगा। अहले सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बज रहे शिव महिमा व भक्ति गीतों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। वही, झंडा चौक स्थित जय श्री महाकाल मंडली के तत्वधान में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य महाशिवरात्रि को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम महाकाल के दरबार की पूजा अर्चना की गई। वही, 10 बजे से अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। शाम में महाआरती के साथ दूध भांग का प्रसाद श्रद्धालुओं के बीज वितरण किया गया। साथ ही झांकी हुआ जागरण में शिव भक्त झूमते नजर आए।

### बालाश्री मेटल फैक्ट्री, बोंगावार में लगी भयावह आग

**कुजू (आजाद सिपाही)।** बोंगबार स्थित बालाश्री मेटल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में शनिवार को अचानक भयावह आग की लपटें उठने लगी। आग की लपटों के साथ काले धुएं का गुब्बार से आसपास के क्षेत्र काले धुएं से ढंक गए। इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन ने बताया कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी है। आग पर काबू पा लिया गया है। यथावत कार्य चालू हो गया है।

## सीएम नवीन पटनायक ने महाशिवरात्रि के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य की जनता को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मैं शिवरात्रि और जागर के शुभ अवसर पर ओड़िशा के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। महादेव की महान कृपा आपके जीवन को सुख और शांति से भर दे।'

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का प्रदेश बीजेपी ने किया स्वागत



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में केंद्र मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, बीजेपी अध्यक्ष समीर महांती ने भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर उनका स्वागत किया। केंद्र वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को शुक्रवार को प्रदेश बीजेपी ने संबर्धना की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष समीर महांती, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी, प्रदेश उप सभानेत्री प्रतिभा परिड, प्रदेश साधारण संपादक डॉ लेखश्री सामंतसिंहार, पृथ्वीराज हरिचंदन, गोलक महापात्र, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष स्मृति पटनायक ने उनका पारंपरिक रूप से पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।










### शिव-पार्वती के विवाह उत्सव में उमड़ी रिकॉर्ड भीड़

# उज्जैन में 21 लाख दीयों से रोशन हुआ क्षिप्रा तट

- काशी में पांच और महाकाल में छह लाख भक्त पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**उज्जैन/वाराणसी।** शिव-पार्वती के विवाह उत्सव शिवरात्रि पर देशभर के शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। उज्जैन में शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम में क्षिप्रा नदी के तट पर एक साथ 21 लाख दीये जलाये गये। ऐसा करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। इसके लिए 52 हजार लीटर तेल, रुई की 25 लाख बाती, 600 किलो कपूर और चार हजार माचिस मंगायी गयी थी। अभी तक अयोध्या में 15.76 लाख दीये जलाने का रिकॉर्ड है। उज्जैन के शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम की खास बात यह है कि पूरा कार्यक्रम जीरो वेस्ट है।

इधर, काशी से लेकर महाकाल तक हजारों शिव के दर्शन कर चुके हैं, तो कई जगह श्रद्धालु कतारों में इंतजार कर रहे हैं। वाराणसी में पांच लाख लोग बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, उज्जैन के महाकाल में भी करीब छह लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।

**उज्जैन में रात 2.30 बजे खोले गये महाकाल के द्वार, चार बजे भस्म आरती :** महाकाल मंदिर में शुक्रवार रात से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारों को देखते हुए शनिवार सुबह 2:30 बजे ही पट खोल दिए गये थे। इसके बाद महाकाल की भस्म आरती की गयी और सुबह चार बजे से भक्तों को मंदिर में प्रवेश दिया गया। भीड़ मैनेज करने के लिए पास लेने वाले लोगों को गर्भगृह के करीब गणेश मंडपम और बाकी श्रद्धालुओं को छत के रास्ते कार्तिक मंडपम से दर्शन कराये गये। मंदिर में दर्शन का सिलसिला 19 फरवरी की रात 11 बजे मंदिर के पट बंद होने तक यानी 44 घंटे तक चलता रहेगा। इस दौरान चार प्रहर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की गयी। बाबा का दूल्हे के रूप में श्रृंगार किया गया। 19 फरवरी को सुबह 11 बजे महाकाल का सेहरा उतारा जायेगा। उनके स्वर्ण आभूषण लॉकर में रखकर सील किये जायेंगे। दोपहर 12 बजे से भस्म आरती होगी, जो साल में एक बार ही दिन में होती है।

**काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए 3 से 4 किमी लंबी लाइन :** काशी विश्वनाथ मंदिर का पट सुबह 3.30 बजे खुल गया था। इसके बाद आरती और पूजा की गयी। इसके बाद मंदिर भक्तों के लिए खोल दिया गया। भक्तों की तीन से चार किमी लंबी-लंबी लाइन लगी थी। यहां गर्भगृह के बाहर लगे अर्घ्या से ही दूध, जल, बेल पत्र, फूल चढ़ाने की व्यवस्था थी। भीड़ को देखते हुए गर्भगृह के चारों गेट से केवल झांकी दर्शन कराये जा रहे हैं और वीआइपी दर्शन भी बंद कर दिये गये हैं।

**धर्मपुर, गुजरात में 31 लाख रुद्राक्ष से 31.5 फीट ऊंचा शिवलिंग :** गुजरात के धर्मपुर में 31 लाख रुद्राक्षों से 31.5 फीट ऊंचा शिवलिंग बनाया गया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**सोमनाथ में चार घंटे की विशेष पूजा, महामृत्युंजय यज्ञ :** गुजरात के द्वारका में स्थित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग में शिवरात्रि के मौके पर विशेष पूजा-अर्चना की गयी। साथ ही महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन भी किया गया। सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं को प्रवेश देना शुरू किया गया, जो दिनभर लगातार जारी रहा।

# दक्षिण अफ्रीका से लाये गये 12 चीते

### कूनो में अब कुल संख्या 20 हुई, इनमें 10 नर और 10 मादा

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्योपुर।** दक्षिण अफ्रीका से लाये गये 12 चीते शनिवार को मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क पहुंच गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव और नरेंद्र सिंह तोमर की मौजूदगी में इन चीतों को बाड़े में रिलीज किया गया। जैसे ही चीते बाड़े में पहुंचे तेजी से भागने लगे। थोड़ी दूर जाने के बाद कुछ पल के लिए रुके, फिर रेस भरने लगे। बाड़े से अनजान चीते इधर-उधर देखते नजर आये।

कूनो आये इन 12 चीतों में सात नर और पांच मादा हैं। कूनो में अब चीतों की कुल संख्या 20 हो गई है। इनमें 10 नर और 10 मादा हैं। इससे पहले पिछले साल सितंबर में आठ चीते नामीबिया से लाये गये थे। इनमें पांच मादा एवं तीन नर थे। चीतों को लेकर दक्षिण अफ्रीका से निकला विशेष विमान शनिवार सुबह ग्वालियर एयरबेस पहुंचा। यहां से इन्हें सेना के चार हेलिकॉप्टर के जरिए कूनो नेशनल पार्क पहुंचाया गया।

चीतों को रिलीज करने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कूनो में पर्यटकों की सुविधा के लिए हम इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रहे हैं। यहां रहने सहित तमाम व्यवस्था जुटा रहे हैं, जैसे ही हमें अनुमति मिलेगी, तभी आगे की कार्रवाई होगी। सरकार ने चीता प्रोजेक्ट बनाया है। हम उसके तहत सभी व्यवस्थाएं बना रहे हैं।

### 12 चीतों के लिए 10 क्वारेंटाइन बाड़े

क्वारेंटाइन बाड़े में 12 चीतों को रखने के लिए 10 क्वारेंटाइन बाड़े तैयार किये गये हैं। इनमें 8 नए और 2 पुराने हैं। इसके अलावा, दो आइसोलेशन वार्ड भी तैयार किये गये हैं। सभी क्वारैंटाइन बोमा (बाड़े) में छाया के लिए शेड बनाये गये हैं। चीतों के लिए पानी की व्यवस्था भी की गयी है। हेलिकॉप्टर से उतारने के बाद सभी 12 चीतों को उन्हें क्वारेंटाइन बोमा में लाया गया। हेलीपैड से क्वारैंटाइन बोमा की दूरी लगभग एक किमी है।

### स्वसहायता समूह की महिलाओं से मिले सीएम

श्योपुर में चीतों को बाड़े में छोड़ने के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान ने स्वसहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की। यहां महिलाओं ने सीएम को रक्षा सूत्र बांधा और लाड़ली बहना योजना लागू करने के लिए धन्यवाद दिया। इस बारे में बताते हुए सीएम ने ट्वीटर पर लिखा- यह डोर है विकास की..., यह डोर है विश्वास की..., यह डोर है प्रेम और आस की... लाडली बहना योजना को लेकर बहनें जिस आत्मीयता, प्रेम, स्नेह और उल्लास के साथ अपनी भावनाओं का प्रकटीकरण कर रहीं हैं, उससे मन अत्यंत गदगद और भावविभोर हो रहा है।

## नॉर्थ कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, जापान सागर में टेस्ट किया

**सियोल (एजेंसी)।** नॉर्थ कोरिया ने अपने ईस्ट कोस्ट से समुद्र की तरफ एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। साउथ कोरिया के डिफेंस मिनिस्टर ली-जोंग-सुप ने सी ऑफ जापान की तरफ मिसाइल फायर होने का दावा किया है। जापान के कोस्ट गार्ड ने भी इसकी पुष्टि की है। हालांकि, ये मिसाइल कौन सी थी और ये कितनी दूर तक गई इसकी अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले शुक्रवार को नॉर्थ कोरिया के फॉरेन मिनिस्टर ने मिलिट्री एक्सरसाइज की घोषणा करते हुए साउथ कोरिया के खिलाफ सख्त कदम उठाने की धमकी दी थी। उन्होंने अमेरिका और साउथ कोरिया पर इस साल 20 मिलिट्री ड्रिल प्लान करके क्षेत्र की शांति भंग करने का आरोप लगाया था। वहीं अगले हफ्ते अमेरिका और साउथ कोरिया वॉशिंगटन में मिलिट्री एक्सरसाइज और इमरजेंसी के दौरान स्ट्रैटजी को लेकर टेबलटॉप अभ्यास करने वाले हैं। 23 फरवरी को होने वाले इस अभ्यास में दोनों देशों के बीच संभावित खतरों के दौरान न्यूक्लियर वेपन के इस्तेमाल और क्राइसिस मैनेजमेंट को लेकर चर्चा होगी। नॉर्थ कोरिया की तरफ से दी जा रही परमाणु धमकी के बीच दोनों देश जानकारी साझा करने के साथ ही क्षेत्र में अमेरिका की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी बात करेंगे। साथ ही मार्च में दोनों देशों की मिलिट्री फोर्स ज्वांइट फील्ड एक्सरसाइज में भी शामिल होंगी।

## एयर इंडिया के बाद इंडिगो ने एयरबस-बोइंग को दिया 500 विमानों का ऑर्डर

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** एअर इंडिया के बाद अब देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने 500 विमानों का ऑर्डर दिया है। दरअसल, इंडिगो ने टर्किश एयरलाइंस के साथ एक नयी साझेदारी की अनाउंसमेंट की है, जो उसकी विस्तार योजनाओं का हिस्सा है। इंडिगो ने एयरबस और बोइंग को लगभग 500 विमानों का ऑर्डर पहले ही दे दिया था। एयरलाइन के इस कदम से भारत से इस्तांबुल और उसके बाहर पैसेंजर्स सर्विसेस में सुधार होने की उम्मीद है। इंडिगो के इंटरनेशनल सेल्स के हेड विनय मल्होत्रा ने कहा कि वर्तमान में इंडिगो की एक दिन में 1,800 फ्लाइट्स हैं और उनमें से 10% इंटरनेशनल रूट्स पर चलती हैं। सबसे दूर हम तुर्की और इस्तांबुल की जर्नी करते हैं। आगे हम और दूर तक फ्लाइट्स चलाने के इच्छुक हैं। तुर्की एयरलाइंस के साथ अपनी नयी कोड-शेयर पार्टनरशिप के तहत इंडिगो पैसेंजर्स को भारत से इस्तांबुल और फिर यूरोप के 27 से ज्यादा डेस्टिनेशन तक ले जाने में सक्षम होगी।















## दिल्ली में मेयर का चुनाव 22 फरवरी को होगा केजरीवाल ने प्रस्ताव भेजा, दो घंटे में मंजूरी दी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (डीएमसी) के मेयर के चुनाव की तारीख आखिरकार फाइनल हो गयी। भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच खींचतान के कारण तीन बार टल चुका यह चुनाव अब 22 फरवरी को सुबह 11 बजे से होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिन के दो बजे उप राज्यपाल विनय सक्सेना को चुनाव की तारीख का प्रस्ताव भेजा और दो घंटे बाद ही इसे मंजूरी मिल गयी। बता दें कि आप की मेयर प्रत्याशी शैली ओबेरॉय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। उन्होंने मनोनीत पार्षदों को मेयर चुनाव में वोटिंग राइट देने के उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती दी थी। शैली ने कोर्ट से मांग की थी कि मेयर का चुनाव सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले यानी शुक्रवार को मामले पर सुनवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर नोटिस जारी करने और पहली बैठक में ही मेयर का चुनाव करवाने का निर्देश दिया था। साथ ही कहा था कि नॉमिनेटेड मेंबर्स को वोटिंग देने का अधिकार नहीं है। इसके बाद शनिवार को उट केजरीवाल ने 22 फरवरी को चुनाव करवाने का प्रस्ताव भेजा, जिसे राज्यपाल ने मंजूर कर लिया।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**